राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 300
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
मंगलवार 23 सितंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट | पेज 3 सीआईएसएफ को सौंपी गई नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सुरक्षा | पेज 4 दसवें आयुर्वेद दिवस की तैयारियों की समीक्षा बैठक संपन्न | पेज 6 क्विंटन डि कॉक ने संन्यास से वापसी का फैसला लिया

संक्षिप्त खबरें

छत्तीगढ़ के नान घोटाले में ईडी की बड़ी कार्रवाई, दो पूर्व आइएएस अधिकारियों को ईडी ने किया गिरफ्तार

रायपुर। छत्तीसगढ़ में वर्ष 2015 में भाजपा की डा. रमन सिंह सरकार में सामने आए नागरिक आपूर्ति निगम (नान) घोटाले में आरोपित बनाए गए दो पूर्व आइएएस अधिकारियों डा. आलोक शुक्ला और अनिल टुटेजा को सोमवार को ईडी की दिल्ली से आई टीम ने रायपुर से गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट से 16 अक्टूबर तक रिमांड की मंजूरी मिलने पर जांच एजेंसी दोनों को दिल्ली लेकर रवाना हो गई। आरोप है कि शुक्ला और टुटेजा ने अपने पद और अधिकार का दुरुपयोग करते हुए जांच को प्रभावित करने की कोशिश की थी।

एअर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट में कॉकपिट डोर खोलने की कोशिश

वाराणसी। बेंगलुरु से वाराणसी आ रही एअर इंडिया एक्सप्रेस के विमान में एक यात्री ने कॉकपिट का दरवाजा खोलने की कोशिश की। उसने दरवाजे में पासकोड डालने की कोशिश भी की, लेकिन कैप्टन ने हाईजैक के डर से दरवाजा नहीं खोला। केबिन क्रू ने उसे रोकने की कोशिश की, तो उसके साथ के लोग भी उठकर आ गए। एयरलाइंस कर्मियों ने उन्हें फटकार लगाते हुए सीट पर बैठाया। विमान के कैप्टन ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल को इसकी जानकारी दी। एटीसी ने एयरपोर्ट अथॉरिटी को बताया। विमान के वाराणसी में लैंड होते ही सीआईएसएफ ने आरोपी और उसके 8 साथियों को हिरासत में ले लिया।

हैप्पी मॉर्निंग

पति ने पत्नी से बड़े ही प्यार से
कहा - काश तुम शक्कर होती,
कभी तो मीठा बोलती...
पत्नी- काश तुम अदरक होते,
कसम से... जी भर के
कूटती....!!!
पत्नी का
जवाब सुन कर पति
बेहोश

शायरी

दौलत शोहरत आनी जानी फिर
इस पर इतराना क्या
पानी पर ये नाम लिखा हो ऐसा भी
हो सकता है

अर्थसार

सेंसेक्स:
82,159.97
-466.26 (0.56%)
निफ्टी:
25,202.35
-124.70



मौसम

अधिकतम : 35 डिग्री से0
न्यूनतम : 25 डिग्री से0
सूयोदय बुधवार : 6 : 12
सूर्यास्त मंगलवार : 6 : 26

छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर मुठभेड़

80 लाख के इनामी 2 नक्सली ढेर

▶ शव और एके-47 समेत कई हथियार बरामद, 4 दिन पहले मारे गए थे 4 नक्सली

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में जवानों ने मुठभेड़ में सेंट्रल कमेटी के 2 नक्सलियों को मार गिराया। मारे गए नक्सलियों पर 40-40 लाख रुपए का इनाम घोषित था। जवानों ने दोनों के शव और मौके से हथियार बरामद किया है। मुठभेड़ के अबूझमाड़ के जंगलों में हुई है।

नारायणपुर पुलिस के मुताबिक मारे गए नक्सलियों की पहचान राजू दादा उर्फ कट्टा रामचंद्र रेड्डी और कोसा दादा उर्फ कादरी सत्यनारायण रेड्डी के रूप में हुई है। दोनों पर छत्तीसगढ़ सरकार ने 40-40 लाख रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। नारायणपुर पुलिस अधीक्षक रॉबिन्सन ने पुष्टि की है।

मुठभेड़ की पूरी कहानी

नारायणपुर पुलिस अधीक्षक रॉबिन्सन ने बताया कि 22 सितंबर की सुबह से नक्सल मूवमेंट की खबर मिली थी। सुरक्षाबलों ने अबूझमाड़ के जंगलों में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। इस दौरान नक्सलियों ने फायरिंग की, जिसका जवानों ने मुंहतोड़ जवाब दिया। दिनभर रुक-रुक कर चली गोलीबारी में नक्सलियों 2 लीडर मारे गए।

हथियारों का जखीरा बरामद

नारायणपुर एसपी ने बताया कि मुठभेड़ वाली जगह से सुरक्षाबलों ने एक एके-47 राइफल, एक इंसास राइफल, एक बीजी लॉन्चर, भारी मात्रा में विस्फोटक, नक्सल साहित्य और दैनिक उपयोग की वस्तुएं बरामद की गई है। बरामद सामग्री से माओवादी गतिविधियों के कई अहम सुराग मिलने की भी संभावना है।

आईजी बोले- नक्सल संगठन को तगड़ा नुकसान

बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पी. ने कहा कि केंद्रीय समिति के इन दोनों सदस्यों के मारे जाने से संगठन को बड़ी चोट पहुंची है। दोनों पिछले तीन दशकों से दंडकारण्य विशेष क्षेत्रीय समिति में सक्रिय थे। कई बड़ी हिंसक वारदातों के मास्टरमाइंड रहे हैं। आईजी ने नक्सल कैडरों से अपील की है कि वे अब समझ लें कि यह ऑपरेशन अपने अंतिम दौर में है। हिंसा छोड़कर सरकार की समर्पण और पुनर्वास नीति का लाभ उठाएं।

नीलामी नोटिस के बाद संपत्ति वापस नहीं ले सकते ऋणकर्ता

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को स्पष्ट किया ऋणकर्ता नीलामी नोटिस के प्रकाशन के बाद अपनी संपत्ति वापस नहीं ले सकते। जब ऋणदाता बैंकों और वित्तीय संस्थानों द्वारा बिक्री प्रमाणपत्र जारी किया जाता है, तब खरीदारों को अचल संपत्ति के अधिकार मिल जाते हैं, जो सरफेसी एक्ट के अंतर्गत आता है। बता दें कि सरफेसी एक्ट 2002 बैंकों और वित्तीय संस्थानों को बिना किसी न्यायालय के हस्तक्षेप के किस्त अदा न करने वाले ऋणकर्ताओं से वसूली करने का अधिकार देता है। यह उन्हें गिरवी रखी गई संपत्ति जैसे घर या वाणिज्यिक संपत्ति को जब्त करने और उसे बेचकर अपने पैसे की रिकवरी करने की शक्ति देता है। शीर्ष कोर्ट ने मद्रास हाई कोर्ट के उस फैसले को रद कर दिया, जिसने एक वैध रूप से आयोजित नीलामी को रद करते हुए कर्जदारों को उनकी संपत्ति छुड़ाने की अनुमति दे दी थी, जबकि सफल नीलामी खरीदारों को बिक्री प्रमाण पत्र पहले ही जारी किया जा चुका था।

विरोध प्रदर्शन

भुवनेश्वर में ओडिशा विधानसभा के मानसून सत्र के लगातार तीसरे दिन बीजू जनता दल (बीजेडी) के सदस्यों ने उर्वरक की कमी और किसानों की दुर्दशा को लेकर अध्यक्ष के आसन के सामने विरोध प्रदर्शन किया।

आतंकी पन्नू ने भड़काऊ वीडियो जारी किया

अमृतसर। खालिस्तानी आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस ने फिर भड़काऊ वीडियो जारी किया है। जिसमें उसने कहा कि पंजाब में वही रहेगा, जो दिवाली नहीं मनाएगा और केवल बंदी छोड़ दिवस पर दीपमाला करेगा। इस साल दिवाली पर जब अयोध्या में लाखों दीये जलाए जाएंगे, तो वह वहां अंधेरा कराएगा। संगठन के सरगना गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एक वीडियो जारी कर अन्य राज्यों से आए लोगों को 19 अक्टूबर तक पंजाब छोड़ने की भी धमकी दी। उसने कहा कि ऐसा न करने पर उन्हें गंभीर नतीजे भुगतने पड़ेंगे। हालांकि पन्नू पहले भी इस तरह की कई धमकियां दे चुका है लेकिन कभी ऐसा कुछ कर नहीं पाया। पन्नू ने अपनी वीडियो में बटाला रेलवे स्टेशन के शॉट्स शेयर किए हैं और दावा किया है कि वहां खालिस्तानी नारे लिखे गए।

आधे राजस्थान से मानसून लौटा, 3 राज्यों से विदाई

▶ एमपी में 30 सितंबर से वापसी होगी; बिहार में अगले एक हफ्ते तक बारिश होगी

नई दिल्ली। राजस्थान, पंजाब और गुजरात से मानसून की वापसी होने लगी है। मध्य प्रदेश में लौटते मानसून के चलते बारिश का दौर जारी है।

प्रदेश में अगले 10 दिन और बारिश होगी। 30 सितंबर के बाद एमपी से मानसून लौटने लगेगा।

बिहार में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। अगले एक हफ्ते मानसून की एक्टिविटी जारी रहेगी। इस दौरान कई जिलों में भारी बारिश होने की भी संभावना है।

उधर यूपी में बारिश से नदियां उफान पर हैं। लखीमपुर खीरी, बलिया, गोंडा समेत 8 जिलों के कुछ इलाकों में बाढ़ जैसे हालात हैं। लखीमपुर खीरी में 4 सेकेंड में मकान बह गया। 48 घंटे में यहां 8 मकान नदी में समा गए हैं।

मौसम विभाग ने गुजरात, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, बिहार, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, त्रिपुरा में यलो अलर्ट जारी किया है।

दिल्ली हाईकोर्ट बोला- एक्स्ट्रामैरिटल अफेयर क्राइम नहीं, इसके नतीजे खतरनाक

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को कहा कि व्यभिचार यानी एक्स्ट्रामैरिटल अफेयर अपने-आप में कोई अपराध नहीं है, बल्कि यह एक वैवाहिक वजह है जिसे तलाक या वैवाहिक विवाद के मामलों में आधार बनाया जा सकता है। जस्टिस पुरुषेन्द्र कौरव ने कहा कि कोई भी पति या पत्नी अपने साथी के प्रेमी पर मुकदमा कर सकता है और अपनी शादी तोड़ने, आपसी प्रेम को नुकसान पहुंचाने के लिए आर्थिक मुआवजे की मांग भी कर सकता है। यह इसलिए कि इसके नतीजे खतरनाक हो सकते हैं। याचिका में पत्नी ने पति की प्रेमिका से भावनात्मक नुकसान और साथी की हानि के लिए मुआवजा मांगा है। हालांकि पति और उसकी प्रेमिका को नोटिस जारी किया गया है, ताकि इस बात पर फैसला हो सके कि शादी टूटने की वजह महिला है या नहीं।

यूपी में जाति लिखने पर वाहनों का चालान होगा

एफआईआर में आरोपी की जाति भी नहीं लिखी जाएगी, जातिगत रैलियों पर भी रोक

लखनऊ। यूपी सरकार ने जातीय भेदभाव रोकने के लिए बड़ा कदम उठाया है। अब पुलिस रिकॉर्ड, नोटिस बोर्ड और गिरफ्तारी मेमो में आरोपी की जाति का जिक्र नहीं किया जाएगा। खास बात यह है कि आरोपी के पिता के नाम के साथ अब माता का नाम भी दर्ज किया जाएगा।

इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के बाद रविवार को कार्यवाहक मुख्य सचिव दीपक कुमार ने ये आदेश जारी किया। कहा- समाज में जातीय विभाजन बढ़ाने वाली किसी भी प्रवृत्ति को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वाहनों पर जाति लिखकर घूमने वालों का चालान होगा। जातीय स्टिकर-नारे हटाए जाएंगे। जाति आधारित रैलियों पर अब प्रतिबंध रहेगा।

1- सोशल मीडिया पर जाति को बढ़ावा देने पर एक्शन

आदेश के मुताबिक, सोशल मीडिया पर जाति को बढ़ावा देने या किसी जाति की निंदा करने वालों पर भी कार्रवाई होगी। ऐसे पोस्ट करने वालों के खिलाफ पुलिस स्वतः दर्ज करेगी। सिर्फ उन्हीं मामलों में जाति दर्ज करने की अनुमति होगी, जहां कानूनी बाध्यता है- जैसे कि एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज केस।

2- जाति आधारित बोर्ड और बैनर भी हटेंगे

कस्बों और शहरों में लगे ऐसे बोर्ड, जिनमें किसी जाति का महिमामंडन किया गया हो, उन्हें तुरंत हटाया जाएगा। आगे से ऐसे बोर्ड लगाने पर सख्ती होगी।

3- गाड़ियों पर जाति लिखकर चलने पर चालान होगा

सड़कों पर कई बार गाड़ियों पर 'जाट हूं', 'ठाकुर साहब', 'पंडित जी' जैसे स्लोगन लिखे दिखते हैं। अब ऐसे वाहनों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालान होगा। पुलिस को आदेश है कि ऐसे सभी स्टिकर और नारे हटवाए जाएं।

अखिलेश यादव का तंज- किसी का घर धुलवाने के भेदभाव पर क्या किया जाएगा

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इस मामले को लेकर सोशल मीडिया एक्स पर तंज कसा। लिखा- 5000 सालों से मन में बसे जातिगत भेदभाव को दूर करने के लिए क्या किया जाएगा? वस्त्र, वेशभूषा और प्रतीक चिह्नों के जरिए जाति-प्रदर्शन से उपजे जातिगत भेदभाव को मिटाने के लिए क्या किया जाएगा? किसी के मिलने पर नाम से पहले 'जाति' पूछने की जातिगत भेदभाव की मानसिकता को खत्म करने के लिए क्या किया जाएगा? किसी का घर धुलवाने की जातिगत भेदभाव की सोच का अंत करने के लिए क्या उपाय किया जाएगा? किसी पर झूठे और अपमानजनक आरोप लगाकर बदनाम करने के जातिगत भेदभाव से भरी साजिशों को समाप्त करने के लिए क्या किया जाएगा?

पिंडदान करके लौट रहे पति-पत्नी समेत 4 की मौत

प्रयागराज में कार खराब हुई तो सो रहे थे, ट्रक कुचलता निकल गया

प्रयागराज। प्रयागराज में 4 लोगों की सड़क हादसे में मौत हो गई। एक ही गांव के 8 लोग बोलेरो से वाराणसी से कानपुर जा रहे थे।

देर रात उनकी बोलेरो खराब हो गई। रात में गाड़ी बन नहीं सकी, ऐसे में परिवार के लोग सड़क किनारे बोलेरो खड़ी कर उसके आगे ही चादर बिछाकर सो गए।

सोमवार तड़के 4 बजे तेज रफ्तार ट्रक ने बोलेरो में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो के आगे सो रहे 4 लोगों पर चढ़ गई। इसके बाद

ट्रक भी रौंदता हुआ निकला। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। जबकि बोलेरो के अंदर बैठे 4 लोगों में से 3 लोग घायल हो गए। वहीं एक बुजुर्ग हादसे में बच गए। हादसा सोरांव थाना क्षेत्र में हुआ।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि बोलेरो बुरी तरह से डैमेज हो गई। सड़क पर खून ही खून बिखर गया। वहां से गुजरने वाले लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

सोरांव पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया जबकि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रयागराज पुलिस ने कानपुर पुलिस से संपर्क कर घटना की जानकारी दी है।

हादसे में इनकी हुई मौत

सुरेश बाजपेई (55) और उनकी पत्नी तारा बाजपेई (50) जबकि चाचा राम सागर (65) और भतीजा सुरेश सैनी (50) की मौके पर ही मौत हो गई।

कानपुर के थाना मूसानगर के गुलौली के रहने वाले थे। वहीं ममता देवी, प्रेमा देवी, और कोमल देवी को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि प्रेम नारायण (60) साल को कोई चोट नहीं आई है।

इंदौर में 3 मंजिला बिल्डिंग गिरी, एक मौत, 11 घायल, 4 की हालत गंभीर

एक और के मलबे में दबे होने की सूचना; रेस्क्यू में जुटी टीमें

इंदौर। इंदौर में सोमवार रात करीब सवा 9 बजे बड़ा हादसा हो गया। शहर के रानीपुरा इलाके में 3 मंजिला मकान गिर गया। इस हादसे में एक युवती की मौत हो गई। जबकि 11 लोग घायल हो गए। इनमें एक 3 महीने की बच्ची भी शामिल हैं। घायलों में 4 लोगों की हालत गंभीर है।

सभी घायलों को एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एमजीएम कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने घायलों का हाल जाना और उनके उचित इलाज के निर्देश दिए। बताया जा रहा है कि एक शख्स अभी भी मलबे में दबा हुआ है। मौके पर अभी भी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। जेसीबी मशीनों से मलबा हटाया जा रहा है।

नक्सलियों ने शांति वार्ता से इनकार किया

▶ कहा-हथियार नहीं छोड़ेंगे, क्रांतिकारी पार्टी बनी रहेगी; वायरल प्रेस नोट से उनका कोई लेना-देना नहीं

बीजापुर। नक्सलियों की केंद्रीय समिति और दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी ने शांति वार्ता की संभावनाओं को खारिज कर दिया है। सोमवार को जारी संयुक्त प्रेस नोट में दोनों संगठनों ने स्पष्ट किया कि वे हथियार नहीं छोड़ेंगे और शांति वार्ता में शामिल नहीं होंगे।

केंद्रीय समिति के प्रवक्ता अभय और दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के प्रवक्ता विकल्प ने संयुक्त बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि अभय के नाम से पोलित ब्यूरो सदस्य सोनू ने पत्र जारी किया था। यह सोनू का व्यक्तिगत फैसला है। केंद्रीय समिति का इससे कोई लेना-देना नहीं है।

नक्सलियों का कहना है कि बसवा राजू द्वारा शांति वार्ता के लिए किए गए प्रयासों को गलत तरीके से पेश किया गया है। उनका मानना है कि शांति वार्ता पर संगठन के भीतर मत जानने का प्रयास संगठन में विभाजन ला सकता है।

तीन पन्नों के प्रेस नोट में नक्सलियों ने स्पष्ट किया कि हथियारबंद संघर्ष को छोड़ना उनकी क्रांतिकारी पार्टी को संशोधनवादी पार्टी में बदलने जैसा होगा।

के-वीजा

जॉब ऑफर के बिना भी आवेदन कर सकेंगे; ब्रिटेन वीजा फीस खत्म कर सकता है

अमेरिका ने एच-1बी वीजा फीस बढ़ाई तो चीन लाया के-वीजा

बीजिंग। अमेरिका ने प्रोफेशनल्स के लिए एच-1बी वीजा की फीस करीब 6 लाख से बढ़ाकर 88 लाख कर दी है। इस बीच चीन ने नया 'के-वीजा' शुरू करने का ऐलान किया है।

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक के-वीजा साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, मैथ से जुड़े युवाओं और स्किल्ड प्रोफेशनल्स के लिए है। यह 1 अक्टूबर, 2025 से जारी होगा।

इन सब्जेक्ट्स में रिसर्च कर रहे कैंडिडेट भी के-वीजा के लिए आवेदन कर सकेंगे। खास बात यह है कि चीनी कंपनी से नौकरी का ऑफर न होने पर भी इस वीजा के लिए आवेदन कर सकेंगे।

अमेरिका ने 21 सितंबर से एच-1बी वीजा फीस बढ़ा दी है। इससे प्रोफेशनल्स को अमेरिका जाने में मुश्किलें होंगी। ऐसे में चीन के च-वीजा को एच-1बी का विकल्प माना जा रहा है।

ब्रिटेन 90 हजार की फीस जीरो कर सकता है

इस बीच ब्रिटेन भी हाई स्किल्ड लोगों के लिए वीजा फीस खत्म करने पर विचार कर रहा है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक जिन लोगों ने दुनिया के टॉप 5 यूनिवर्सिटी में पढ़ाई की है या फिर कोई बड़ा इंटरनेशनल



अवॉर्ड जीता है, उनकी पूरी वीजा फीस माफ हो जाएगी।

फिलहाल, ब्रिटेन के ग्लोबल टैलेंट वीजा की आवेदन फीस 766 पाउंड (करीब 90 हजार) है। ब्रिटेन में 26 नवंबर को बजट पेश होगा, इससे पहले वो इस फीस को खत्म करने का फैसला ले सकता है।

12 तरह के वीजा जारी करता है चीन

चीन अभी 12 तरह के वीजा जारी करता है। अभी चीन में काम करने के लिए आर-वीजा या जेड-वीजा का इस्तेमाल किया जाता है।

जेड-वीजा की वैधता 1 साल की है। जबकि आर-वीजा में ठहरने के लिए सिर्फ 180 दिन मिलते हैं। आर वीजा के लिए कोई फीस नहीं लगती, लेकिन इसकी आवेदन प्रक्रिया लंबी और पेचीदा है। इसलिए यह सफल नहीं हो पाया।

वहीं, के वीजा में विदेशियों को ज्यादा समय तक चीन में रहने की सुविधा मिलेगी। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि यह कितने समय के लिए होगी। के-वीजा में कुछ ऐसी सुविधाएं दी गई हैं, जो अभी चल रहे वीजा में नहीं है।

जेड वीजा वाला विदेशी व्यक्ति अगर चीन में काम करना चाहता है, तो उसे पहले किसी चीनी कंपनी या संस्था से नौकरी का प्रस्ताव या स्पॉन्सरशिप चाहिए होती है। लेकिन के-वीजा में यह नियम नहीं है।

अलग-अलग देशों के लिए के-वीजा से जुड़ी डिटेल जानकारी चीनी दूतावास और कॉन्सुलेट जारी करेंगे। चीन सरकार ने अगस्त में इस फैसले को मंजूरी दी थी।

संपादकीय

मणिपुर : मूल समस्याओं का समय पर निपटारा न होने से भड़की जातीय हिंसा

जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

मणिपुर, भारत के उत्तर-पूर्वी राज्य, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक विविधता के लिए जाना जाता है, पिछले कुछ वर्षों से जातीय हिंसा की चपेट में है। 3 मई 2023 को शुरू हुई यह हिंसा मेइती और कुकी-जो समुदायों के बीच भड़की, जो अब 2025 तक जारी है। इस हिंसा ने हजारों लोगों की जान ली, लाखों को विस्थापित किया और राज्य की अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया। मूल समस्याओं का समय पर समाधान न होने के कारण यह छोटी-मोटी झड़पें एक पूर्णकालिक जातीय संघर्ष में बदल गईं। इस लेख में हम इस हिंसा के कारणों, विकास और प्रभावों पर चर्चा करेंगे।

ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और मूल समस्याएं

मणिपुर की जातीय हिंसा की जड़ें गहरी हैं, जो ब्रिटिश औपनिवेशिक नीतियों से जुड़ी हैं। ब्रिटिश काल में राज्य को इम्फाल घाटी (मेइती बहुल) और पहाड़ी क्षेत्रों (कुकी-जो और अन्य आदिवासी) में विभाजित किया गया, जिसने भूमि अधिकारों और संसाधनों पर विवाद पैदा किए। स्वतंत्रता के बाद, मणिपुर में विभिन्न जातीय समूहों के बीच असमान विकास हुआ। मेइती समुदाय, जो राज्य की आबादी का लगभग 53त्न है, घाटी में रहता है और हिंदू बहुल है, जबकि कुकी-जो ईसाई हैं और पहाड़ों में बसते हैं।

एक प्रमुख मुद्दा अनुसूचित जनजाति (एसटी) दर्जे का है। 2023 में मणिपुर हाई कोर्ट ने मेइती समुदाय को एसटी लाभ देने का आदेश दिया, जिसके खिलाफ आदिवासी समुदायों ने विरोध किया। उन्हें डर था कि इससे उनकी भूमि और नौकरियां छिन जाएंगी। यह आदेश वर्षों से लंबित मांगों का परिणाम था, लेकिन सरकार ने इसे समय पर संबोधित नहीं किया। इसके अलावा, म्यांमार से अवैध प्रवास, नशीले पदार्थों की तस्करी और सीमा पार आतंकवाद ने स्थिति को जटिल बनाया। म्यांमार की अस्थिरता से कुकी-जो समुदाय के रिश्तेदार मणिपुर में शरण लेते हैं, जिसे मेइती समुदाय अवैध प्रवास मानता है। ये समस्याएं दशकों से सुलग रही थीं। 1990 के दशक से ही मणिपुर में विद्रोही समूह सक्रिय हैं, लेकिन केंद्र और राज्य सरकारों ने उन्हें राजनीतिक संवाद से हल करने के बजाय दबाने की कोशिश की। भूमि सुधार, आरक्षण नीतियां और सीमा सुरक्षा जैसे मुद्दों पर समयबद्ध कार्रवाई की कमी ने असंतोष को बढ़ावा दिया। रिपोर्ट्स बताती हैं कि हिंसा अचानक नहीं थी, बल्कि योजनाबद्ध और जातीय रूप से लक्षित थी, जिसमें राज्य की विफलताओं ने योगदान दिया।

हिंसा का भड़कना और विकास

3 मई 2023 को चुराचांदपुर में आदिवासी एकजुटता मार्च के दौरान हिंसा भड़की, जब प्रदर्शनकारियों ने मेइती इलाकों पर हमला किया। जवाब में मेइती समूहों ने कुकी गांवों को निशाना बनाया। घर जलाए गए, चर्च नष्ट किए गए और हजारों लोग राहत शिविरों में शरण लेने को मजबूर हुए। 2024 तक हिंसा में 258 मौतें हुईं और 60,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए।

2025 में स्थिति और बिगड़ी। मार्च में हिंसा फिर भड़की, जब म्यांमार से सशस्त्र गुटों ने सीमा पार से हस्तक्षेप किया। सितंबर 2024 में कुकी उग्रवादियों ने ड्रोन से मेइती गांवों पर हमला किया, जिसमें 11 लोग मारे गए। 2025 के सितंबर तक, हिंसा नई ऊंचाइयों पर पहुंची, जिसमें 266 घटनाएं दर्ज की गईं। राज्य सरकार की असमर्थता और केंद्र की देरी से प्रतिक्रिया ने आग में घी डाला। रिपोर्ट्स में हिंदुत्व विचारधारा, ईसाई-विरोधी भावना और नारकोटेररिज्म को भी कारण बताया गया है।

प्रभाव और चुनौतियां

इस हिंसा ने मणिपुर को विभाजित कर दिया। आर्थिक रूप से, पर्यटन और कृषि ठप हो गए। सामाजिक रूप से, समुदायों के बीच विश्वास टूटा। महिलाओं और बच्चों पर सबसे ज्यादा असर पड़ा, जिनमें कई यौन हिंसा के शिकार हुए। राहत शिविरों में रहने वाले लोग वापसी की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, क्योंकि अवैध प्रवास जैसे मुद्दे अनसुलझे हैं।

केंद्र सरकार ने कुछ कदम उठाए, जैसे सितंबर 2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा, जहां उन्होंने शांति की अपील की। लेकिन दो साल बाद भी शांति रोडमैप अधर में है। मानवाधिकार संगठनों ने राज्य की भूमिका पर सवाल उठाए, जिसमें पुलिस की निष्क्रियता शामिल है।

निष्कर्ष : समय पर समाधान की आवश्यकता

मणिपुर की हिंसा एक चेतावनी है कि मूल समस्याओं को अनदेखा करना कितना खतरनाक हो सकता है। यदि एसटी दर्जा, भूमि अधिकार, प्रवास और सीमा सुरक्षा जैसे मुद्दों को समय पर राजनीतिक संवाद से हल किया जाता, तो शायद यह हिंसा टाली जा सकती थी। अब जरूरत है समावेशी शांति प्रक्रिया की, जिसमें सभी हितधारकों को शामिल किया जाए। केंद्र और राज्य को मिलकर काम करना होगा, अन्यथा यह संघर्ष क्षेत्रीय स्थिरता को प्रभावित कर सकता है। मणिपुर की विविधता उसकी ताकत है, न कि कमजोरी—इसे बचाने के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए।

मेघालय में यूरेनियम खनन

स्थानीय नेताओं के साथ विचार-विमर्श नाकाम साबित होने के बाद, मेघालय से किसी भी कीमत पर यूरेनियम खनन करने का केंद्र का निर्णय, भारत के संसाधन निष्कर्षण के इतिहास में एक चिंताजनक मानदंड है। खासी समूह 1980 के दशक से डोमियासियाट और वाहकाजी में बड़े भंडारों की खोज और निष्कर्षण का विरोध करते रहे हैं। हाल ही में, केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने परमाणु, क्रिटिकल, और रणनीतिक खनिजों के निष्कर्षण को जनता के साथ सलाह-मशविरे से छूट देने का कार्यालय ज्ञापन जारी किया। स्थानीय समूहों ने इस ओएम-आधारित रास्ते की पहले ही निंदा की है; सत्तारूढ़ दल से जुड़े एक समूह ने आदिवासी अधिकारों की हिफाजत के लिए खासी हिल्स ऑटोनॉमस डिस्ट्रिक्ट काउंसिल से छठी अनुसूची की शक्तियों का इस्तेमाल करने को कहा है। ओएम कार्यकारी साधन होते हैं जो प्रक्रियात्मक सुरक्षा-उपायों का क्षरण करते हैं और बिना स्वतंत्र जांच-परख के जारी किये जाते हैं। इस मामले में, ओएम ने संसाधनों की देखभाल करनेवाले समुदायों को निर्णयों में तमाशबीन की हैसियत में ला खड़ा किया है, जबकि इसका उन पर गहरा असर पड़ना है। यह पहली बार नहीं है कि सरकार यूरेनियम के मामले पर जोर-जबरदस्ती के साथ आगे बढ़ी है। यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड दशकों से झारखंड के सिंहभूम जिले में कामकाज करता आ रहा है। लेकिन विस्तार या नयी खानों के लिए सुनवाइयों को विकिरण की मार और आजीविका के नुकसान पर विरोध का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि कॉरपोरेशन ने अपरिचित भाषाओं में नोटिस जारी किये और उनकी आपत्तियों को दरकिनार किया। आदिवासी समुदायों के अनुभव ने उनकी यह धारणा पुख्ता की है कि उनकी जमीन 'शेष भारत' के लिए 'संसाधन खोजने का क्षेत्र' बनी हुई है। स्थानीय नेताओं के साथ अपनी बातचीत में, राज्य को उनके इनकार का सम्मान करना चाहिए था, लेकिन इसके बजाय उसने यह संकेत दिया कि अब 'न' एक स्वीकार्य जवाब नहीं है। यूरेनियम खनन अत्यधिक प्रदूषणकारी है और यह भूदृश्य को अपरितर्वनीय रूप से बदल सकता है। इसलिए वैश्विक मानदंडों के अनुरूप, स्वतंत्र, पूर्व और सूचित सहमति लेना आवश्यक है। अगर ऐसी सहमति उपलब्ध नहीं है, तो यह उसी राज्य, जिसने लोकतांत्रिक संरक्षणों की स्थापना की, का फर्ज है कि वह यूरेनियम को राष्ट्रीय सुरक्षा या विकास का इकलौता रास्ता मानना बंद करे तथा दीगर भंडारों, विकल्पों या यहां तक कि बिजली-उत्पादन रणनीतियों पर विचार करे।

अमेरिकी आत्मघाती वीजा बंदिशें, भारत के नये अवसर

- ललित गर्ग -

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया भर के पेशेवरों, खासकर भारतीयों के सपनों पर एक नई काली छाया डाल दी है, उनके सपनों को चकनाचूर कर दिया है एवं एक बड़ा संकट खड़ा दिया है। 21 सितंबर की रात 12 बजे के बाद अमेरिका में प्रवेश करने वालों को एच1बी वीज़ा प्राप्त करने के लिए लगभग एक लाख डॉलर यानी करीब 88 लाख रुपये सालाना शुल्क देना होगा। यह निर्णय केवल एक प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा, प्रतिभा-प्रवास और अमेरिका-भारत संबंधों पर गहरा प्रभाव डालने वाला कदम है। अमेरिका के इस कदम के बाद भारत को अपनी आत्म-निर्भरता, स्वदेशी भावना एवं देश की प्रतिभाओं का देश में ही उपयोग को बल देना होगा। भारत अब दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होने के साथ अवसरों की भूमि बन रहा है। इसलिये अमेरिका के निर्णय से ज्यादा परेशान होने की बजाय इसको सकारात्मक दृष्टि से लेने की जरूरत है।

निश्चित ही अमेरिका दशकों से अवसरों की भूमि माना जाता रहा है। यहां आने का सपना रखने वालों के लिए एच1बी वीज़ा एक सुनहरा टिकट एवं उन्नत जीवन का आधार रहा है। हर साल हजारों भारतीय इंजीनियर, डॉक्टर, वैज्ञानिक और तकनीकी विशेषज्ञ इस वीज़ा के माध्यम से अमेरिका जाकर अपने सपनों को साकार करते रहे हैं। सिलिकॉन वैली की चमक और वहां भारतीय प्रतिभाओं का वर्चस्व इसका जीता-जागता प्रमाण है। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, आईबीएम और फेसबुक जैसी दिग्गज कंपनियों में उच्च तकनीकी पदों पर भारतीय मूल के लोगों की उपस्थिति सर्वाधिक है। भारतीय आईटी पेशेवरों के बिना अमेरिकी तकनीकी जगत की कल्पना करना कठिन है। एच-1 बी वीजा की फीस में अप्रत्याशित वृद्धि का फैसला भारतीय आइटी कंपनियों के साथ अमेरिकी हितों को भी चोट पहुंचाने वाला है। इनमें आइटी सेक्टर से इतर क्षेत्र की कंपनियां भी हैं। इसका प्रमाण यह है कि उनके फैसले की आलोचना अनेक अमेरिकी ही कर रहे हैं। यदि ट्रंप यह सोच रहे हैं कि एच-1बी वीजा धारकों की फीस एक हजार डालर से एक लाख डालर सालाना करने से भारतीय और अमेरिकी कंपनियां अमेरिका के युवाओं को नौकरी देने के लिए बाध्य हो जाएंगी तो यह उनकी भूल है, क्योंकि इन कंपनियों को जैसे और जितने सक्षम युवा पेशेवर चाहिए, वे अमेरिका में हैं ही नहीं। अमेरिकी राष्ट्रपति यह भी भूल रहे हैं कि अमेरिका के आर्थिक विकास में अप्रवासियों विशेषत: भारतीय प्रतिभाओं का सर्वाधिक योगदान है और यह केवल पेशेवर लोगों का ही नहीं, बल्कि कामगारों का भी है।

भले ही ट्रंप प्रशासन का यह आदेश उनकी 卐अमेरिका फर्स्ट卐 नीति की अगली कड़ी है। उनका तर्क है कि विदेशी पेशेवर सस्ते श्रम के रूप में अमेरिकी नागरिकों की नौकरियां छीन रहे हैं। शुल्क इतना अधिक करके वे चाहते हैं कि केवल वही विदेशी पेशेवर अमेरिका आएं, जो न केवल उच्च योग्यता रखते हों बल्कि भारी शुल्क अदा करने की क्षमता भी रखते हों। लेकिन यह कदम अमेरिका के लिये ही आर्थिक दृष्टि से आत्मघाती साबित हो सकता है, क्योंकि अमेरिकी कंपनियों को उच्च कौशल वाले पेशेवरों की भारी ज़रूरत है और भारतीय आईटी पेशेवरों की कमी वहां सीधे तौर पर नवाचार और प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करेगी। ट्रंप के फैसले को आपदा नहीं, बल्कि अवसर के रूप में देखना चाहिए।

पहले भारतीय प्रतिभा अमेरिका की ओर बहती थी, अब यह प्रवाह कनाडा, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर की ओर मुड़ सकता है। छात्र और युवा पेशेवर पहले से ही अमेरिकी वीज़ा नीतियों को लेकर असमंजस में रहते थे। अब यह आदेश उनके आत्मविश्वास और योजनाओं को और झकझोर देगा। हालांकि एक सकारात्मक पहलू यह भी है कि कई युवा भारत में ही स्टार्टअप्स, शोध और नई तकनीक के क्षेत्रों में काम करने की ओर आकर्षित होंगे। भारत पर इस नीति का असर केवल युवाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यापक सामाजिक-आर्थिक असर डाल सकता है। भारतीय आईटी कंपनियां जैसे इन्फोसिस, टीसीएस, विप्रो आदि अमेरिका में बड़े पैमाने पर कार्यरत हैं। एच1बी वीज़ा पर निर्भरता ज्यादा होने के कारण उनका खर्च बढ़ेगा और प्रतिस्पर्धा कमजोर होगी। भारतीय पेशेवर हर साल अरबों डॉलर भारत भेजते हैं, वीज़ा बाधाओं से यह प्रवाह घटेगा। हजारों भारतीय छात्र अमेरिका में उच्च शिक्षा लेकर वहीं काम करने का सपना देखते हैं। अब शुल्क की बाधा उनके लिए अमेरिका को कम आकर्षक बनाएगी। साथ ही भारत में ही वैश्विक स्तर के शोध और नवाचार केंद्र विकसित करने की संभावना भी बढ़ेगी।

अमेरिका और भारत के संबंध बीते दो दशकों में आर्थिक, रणनीतिक और तकनीकी सहयोग की नई ऊँचाइयों पर पहुंचे हैं। अमेरिका ने भारत को रणनीतिक साझेदार माना है। रक्षा, व्यापार और तकनीक में गहरे संबंध बने हैं और भारतीय प्रवासी अमेरिकी राजनीति और अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लेकिन ट्रंप के निर्णय से यह संदेश गया है कि अमेरिका भारत को साझेदार तो मानता है, लेकिन जब घरेलू राजनीति का दबाव आता है तो साझेदारी पीछे छूट जाती है। भारत-अमेरिका संबंधों का आधार लोगों से लोगों का संपर्क रहा है। यदि भारतीय पेशेवर अमेरिका में कम होते हैं तो यह आधार कमजोर होगा। इन जटिल से जटिलतर होती स्थितियों में भारतीय कंपनियों को देश में ही अपना कारोबार बढ़ाने के जतन करने चाहिए, क्योंकि आने वाले समय में ट्रंप कुछ और ऐसे कदम भारतीय हितों को आहत करने वाले उठा सकते हैं।

उन्होंने भले ही टैरिफ के मामले में लचीला रवैया अपनाते हुए भारत से शीघ्र व्यापार समझौता होने की संभावना जताई हो, लेकिन वे अब भी भारतीय हितों के विपरीत काम करते दिख रहे हैं। वे केवल यही दबाव नहीं बना रहे कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद करे, बल्कि उन्होंने ईरान के चाबहार बंदरगाह में भारत के लिए मुसीबत खड़ी करने का काम किया है। ट्रंप अपने फैसलों को इस रूप में रेखांकित कर रहे हैं कि उनसे अमेरिकी अर्थव्यवस्था को पंख लग जाएंगे, लेकिन आठ माह का उनका कार्यकाल उनकी नाकामी ही बयान कर रहा है।

चौंकाने वाले फैसले लेना भले ही ट्रंप की आदत हो, लेकिन सेवा क्षेत्र में पहली बार अपनी संरक्षणवादी नीति के दर्शन करा, वह भूल रहे हैं कि अमेरिका को बनाने में अप्रवासियों की बड़ी भूमिका रही है। सिलिकॉन वैली के करीब एक-तिहाई टेक-कर्मचारी भारतीय मूल के हैं। फॉर्च्यून 500 की लगभग डेढ़ दर्जन कंपनियों में शीर्ष पर भारतीय बैठे हैं, जो अमेरिकी अर्थव्यवस्था के इंजन भी हैं। 2024 में 72 यूनिकॉर्न स्टार्टअप भारतीय मूल के लोगों के थे, जिनका कुल मूल्य करीब 195 अरब डॉलर आंका गया था। इन कंपनियों में अमेरिकी भी काम करते हैं। अमेरिकी आबादी में बमुश्किल डेढ़ फीसदी होने के बावजूद भारतीय पांच से छह फीसदी कर अदा करते हैं। नैसकॉम का यह कहना उचित ही है कि एच-1बी वीजा जैसे फैसलों का नकारात्मक असर अमेरिका में नवाचार के माहौल और रोजगार आधारित अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा।

दुनिया के अन्य देशों की नीतियों से तुलना की जाए तो कनाडा प्रवासी पेशेवरों और छात्रों को आकर्षित करने के लिए वीज़ा और स्थायी निवास की नीतियों को सरल बना रहा है। जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया तकनीकी प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए रेड कार्पेट बिछा रहे हैं, जबकि अमेरिका उल्टा रास्ता चुन रहा है जो दीर्घकाल में उसे वैश्विक प्रतिभा की कमी की ओर धकेल सकता है। भारत के लिए यह अवसर है कि वह प्रतिभाओं के पलायन को रोकने के लिए अपनी नीतियों और बुनियादी ढांचे को सशक्त बनाए। शिक्षा, शोध और स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देकर भारत अमेरिका के विकल्प के रूप में उभर सकता है। अमेरिका के लिए यह कदम उसके उस आदर्श को धूमिल करेगा जिसके अनुसार वह इमिग्रेशन की भूमि कहलाता है और उसकी वैश्विक नेतृत्व क्षमता को कमजोर करेगा। रवींद्रनाथ टैगोर की ये पंक्तियाँ यहां सार्थक लगती हैं-स्वतंत्रता वह है, जहां ज्ञान निर्भय होता है और दुनिया सीमाओं से विभाजित नहीं होती। अमेरिका की यह दीवार प्रतिभा की उड़ान को थाम नहीं पाएगी। भारतीय युवाओं को अब अपने ही देश को अवसरों की भूमि में बदलना होगा।

टाईम पास

काकुरो पहेली - 3659



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



काकुरो -3658 का हल

6	8		6	2		3	1	
7	9		7	9		4	2	
	3	8	9		7	1		
	6	8		8	2	3		
2	9		9	6		2	1	
2	3		3	6		1	3	
9	4		1	9		3	4	
1	2	5		6	8			
	1	2		7	9			

लॉफिंग ज़ोन

चिंकी (सोनू से)- तुम्हें पता है, मेरा भतीजा इतना खराब है कि दिन में कम से कम सात-आठ बार कपड़े बदल ही लेता है।

सोनू परेशान होकर- ऐसा क्यों? क्या उसे कपड़े बदलने की बीमारी हो है?

चिंकी- नहीं नहीं....! अरे पगली! अभी तो वह छः माह का ही है।

□ □ □

शादी की पच्चीसवीं सालगिरह पर पार्टी में आए मेहमानों ने जब नरेश से पूछा कि- बताओ नरेश! आपके हिसाब से सफल वैवाहिक जीवन का राज क्या है?

नरेश बोला- यह वैवाहिक जीवन तभी सफल साबित हो सकता है जब पली बहरी और पति पूरी तरह अंधा बनकर जीवन बिताएँ।

□ □ □

पेशी के दौरान वकील महिला से बोला- जब तुम उस अपराधी से मिलने गई थी और उसने तुमसे जो कहा था, वो अदालत में जज साहब से कह दो।

महिला- नहीं...! मैं वो बात किसी भले आदमी के सामने नहीं कह सकती।

वकील बोला- तो ठीक है! जाकर जज साहब के कान में तो कह ही सकती हो।

□ □ □

फिल्म वर्ग पहेली- 3659



बायें से दायें:-

१. अमिताभ, संजीवकुमार, सचिन, हेमा, राखी, पूनम ढिल्लों की फिल्म-३
३. 'दिल मेरा कहता है' गीत वाली सुनील, हरीश, सोनाली की फिल्म-३
६. तुषार कपूर, अंतरा माली की फिल्म-३
७. 'नीले गगन के तले' गीत वाली सुनील दत्त, मुमताज की फिल्म-४
९. 'जुबलीकुमार' राजेंद्रकुमार की पहली फिल्म जिसकी नायिका गीता बाली थी-३
११. अशोककुमार, नादिरा की 'काहे जादू किया मुझको' गीत वाली फिल्म-३
१३. सुपर हिट फिल्म 'शोले' में धर्मेन्द्र के किरदार का नाम क्या था-२
१५. कुमार गौरव, शरनाज की 'जिंदगी कब तुम को' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'आजा आजा मैं हूँ प्यार' गीत वाली शम्मीकपूर, आशा की फिल्म-३,३
१८. सतीश कौल, सरिता की बी. आर. इशारा निर्देशित १९७४ की एक फिल्म-३
१९. 'चोरी चोरी कोई आए' गीत वाली फारूख शेख, पूनम का फिल्म-२
२०. गोविंदा, रवीना की 'तेरे प्यार ने ये क्या कर दिया' गीत वाली फिल्म-३
२२. 'दुनिया में कितना' गीत वाली राजेश खन्ना, स्मिता पाटिल की फिल्म-३
२४. मनोज बाजपेयी, उर्मिला की जोड़ी वाली रामगोपाल वर्मा की एक फिल्म-२
२५. 'आधा है चंद्रमा रात आधी' गीत वाली महीपाल, संध्या की फिल्म-४
२६. विनोद मेहरा, मौसमी की 'तेरे नैनों के मैं दीप' गीत वाली फिल्म-४
२७. 'हम' में नायिका किमी काटकर के किरदार का नाम क्या था-२
२८. बलराज साहनी, लीला की 'हाये रे वो दिन क्यूं ना' गीत वाली फिल्म-४

ऊपर से नीचे:-

१. 'तिरछी टोपी वाले' गीत वाली फिल्म-३
२. आमिर खान, ग्रेसी सिंह की फिल्म-३
३. 'एहसान मेरे दिल पे तुम्हारा है' गीत वाली सुनीलदत्त, साधना की फिल्म-३
४. गीफा अवार्ड्स में किस को फिल्म 'रंग दे बसंती' के लिये सर्वश्रेष्ठ संगीतकार का पुरस्कार मिला था-४
५. ओमपुरी, शबाना आजमी, माधुरी की सुधीर मिश्रा निर्देशित फिल्म-३
८. बी. आर. इशारा निर्देशित विजय अरोड़ा, रीना राय की १९९२ की एक फिल्म-४
१०. जिमी, उदय चोपड़ा, इरफान, नम्रता की 'राहें लहरा के हम से' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'रंग और नूर की बारात किसे' गीत वाली सुनीलदत्त, मीना की फिल्म-३
१४. मिथुन, सारिका की 'साथी है हम जनमों के' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'दिल लूटने वाले जादूगर' गीत वाली रंजन, चित्रा जयश्री की फिल्म-३
१७. मिथुन, चंकी, ऋतुपर्णा, सोमी की 'जब मैंने तेरा' गीत वाली फिल्म-३,२
१९. फिल्म 'बंदिवी' की नायिका कौन थी-३
२१. अजय देवगन, ट्विंकल खन्न की 'बेईमान पिया रे' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिरोज खान, मुमताज की फिल्म-४
२३. विनोद खन्ना, आमिर, सैफ, अश्विनी भावे, खवीना, नीलम की 'हम बंजारे दिल नहीं देते' गीत वाली फिल्म-४
२६. जितेन निर्देशित मिथुन चक्रवर्ती, राखी, नीता मेहता की १९८६ की एक फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3658

प	र	दे	स		श	ली	मा	र	
हे		व	र	दा	न		सु		ही
ली	ड	र		न		ओ	म	का	श
	र		शि	व	श	म		पों	
जु		दा	वा		ज		फ	रे	ब
बै	ग	ग		चा	ह	त		ट	
दा			शि		ठ		दा		अ
	स	ल्य	का	म		श	मा		न
दी	ड़		र	जा	मु	श	द		क
	क	जे		ल		बी		जू	ही

सूडोकु -3659

8	5			3		6	1	
6	7		9		4		2	
2					1			4
	3	9			7			
	6	2		8		4	7	
			6			9	3	
3			5					7
	4		1		6		8	3
	8	5		7			9	6

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3658 का हल

6	3	7	2	1	5	4	8	9
9	8	4	3	7	6	5	2	1
2	5	1	9	4	8	7	3	6
3	6	8	5	9	7	1	4	2
7	2	9	4	8	1	6	5	3
4	1	5	6	3	2	8	9	7
5	7	6	8	2	9	3	1	4
8	4	2	1	6	3	9	7	5
1	9	3	7	5	4	2	6	8

शब्द पहेली - 3659

बाएँ से दाएँ

1. शरीफ,नेकनीयत-5
4. जिसे सुनाई न दे-3
6. मां का भाई-2
7. एकमात्र,सिर्फ एक-3
8. अधिकार-2
10. सिर झुकाना-3
11. दुर्घटना-4
14. दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ-3
16. राजदार-4
17. राजा की पत्नी-2
18. वीज, वीर्य-2
19. मीठा पेय पदार्थ-4
21. पानी की बूंद-3
22. अवरोध,बाधा-4
24. मैला,अस्वच्छ-3
25. पानी,जल-2
27. पुत्र,लड़का-3
28. लाश,पार्थिव देह-2
29. थकावट-3
30. मन मोहने वाला-5

ऊपर से नीचे

1. समाजवाद को माननेवाला अनुयायी-5
2. अस्थमा-2
3. राज्य,सल्तनत-4
4. तन,काया,देह-3
5. रास्ता,मार्ग-2
7. नखरा,भुगतान-2
9. डोली उठाने वाले-3
12. बिजली,विद्युत रश्मि-3
13. भद्रता,नेकनियत -4
15. कमल,पंकज-3
16. बुखरा,ज्वर ताप-4
17. आराम,मदद-3
18. घना वन-3
20. मन को भाने वाला -2,3
21. कथा,गाथा-3
22. कहासुनी-4
23. मनन करना-3
24. शराब-2
26. घोड़ागाड़ी-2
28. बढ़ावा देना-2

शब्द पहेली -3658 का हल

	ग	ह	ज	ली		फि	स	ल	ना		
अ		क	हा	र		त	न	य		धु	
ह	क		न	व		र	म		फ	न	
म	म	ता		क	त		धा	त	क		
क	र	त	ब		म		त	ल	वा	र	
			ल	ह	र	दा	र				
ला	व	ज	मा		बं		स	ह	ल	ज	
ज	त	न		म	द	द		म	ग	न	
वा	न		क	न		ह	म		न	म	
ब		त	म	स		ली	ट	र		त	
	मे	ह	रा	ब		ज	र	ब	फ्ल		

सीआईएसएफ को सौंपी गई नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सुरक्षा

पहले दिन 120 जवान किए गए तैनात, पीएम करेंगे उद्घाटन

नोएडा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट सुरक्षा की जिम्मेदारी सीआईएसएफ को सौंपी दी गई। इस मौके पर ज्यूरिख, यमुना अथॉरिटी और सीआईएसएफ के अधिकारी मौजूद रहे। स्पेशल डीजी सीआईएसएफ ने टर्मिनल सहित अन्य मुख्य जगहों का निरीक्षण किया।

सीआईएसएफ ने आज 70 वें एयरपोर्ट की जिम्मेदारी संभाल ली है। पहले दिन 120 जवानों की तैनाती की गई है। एयरपोर्ट के पहले फेज की शुरुआत के साथ कुल 1047 सीआईएसएफ के कर्मचारी तैनात कर दिए जाएंगे।

इस मौके पर सिक्योरिटी प्लान, मशीन इंस्टॉलेशन से लेकर सभी अहम मुद्दों पर एयरपोर्ट मैनेजमेंट से बातचीत की गई। एयरपोर्ट मॉडर्न टेक्नोलॉजी के साथ विकसित किया गया, सीआईएसएफ यात्रियों को सुरक्षित माहौल देगी। बतौर हैंडओवर से पहले इंडक्शन कार्यक्रम किया गया। बता दे पीएम मोदी 30 अक्टूबर को एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे।

फेस 1 में 27 एयरक्राफ्ट पार्किंग की व्यस्था की गई है। 13 बोर्डिंग गेट्स होंगे, जिसमें 10 पीबीबी (पैसेंजर बोर्डिंग ब्रिज) और 3 बस गेट्स होंगे। उद्घाटन से 45 दिन के अंदर 10 शहरों के लिए उड़ान भी शुरू करने की तैयारी है। इंडक्शन कार्यक्रम के तहत एयरपोर्ट परिसर में इंटरनेशनल

एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ राकेश कुमार सिंह, सीआईएसएफ के स्पेशल डीजी प्रवीर रंजन मौजूद रहे।

एआई और 350 सीसीटीवी कैमरों से निगरानी

सीआईएसएफ के जवान नोएडा एयरपोर्ट परिसर और बाहर लगे 350 से अधिक सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखेंगे। इसके अलावा एआई बेस्ड हाई रेजुलेशन कैमरों से भी सीआईएसएफ सुरक्षा और निगरानी करेगी। एयरपोर्ट से उड़ान शुरू होने से पहले कार्गो हब का काम पूरा होगा। कुल 2.5 लाख मीट्रिक टन क्षमता के कार्गो हब का ढांचागत कार्य पूरा हो गया है। फिलहाल टेस्टिंग, सिस्टम जोड़ने समेत सरकारी मंजूरी की प्रक्रिया चल रही है।

डॉकिंग जोन तैयार

कार्गो हब के इंटीग्रेटेड वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स जोन में 42 ट्रकों की पार्किंग क्षमता वाला केंद्र और 27 भारी वाहनों के लिए डॉकिंग जोन तैयार हो चुके हैं।

यह भारत के सबसे बड़े कार्गो हब में एक होगा, जहां कार्गो टर्मिनल के साथ फल-सब्जियों और दवाइयों के लिए अलग कोल्ड स्टोरेज, कूरियर टर्मिनल, विदेशी माल के लिए वेयरहाउस, ई-कॉमर्स लॉजिस्टिक पार्क, ड्राइवरों के आराम के लिए सेंटर आदि सुविधाएं होंगी।

पहले दिन से कार्गो फ्लाइट शुरू होगी

एयरपोर्ट पर पहले दिन से कार्गो फ्लाइट शुरू होगी। तभी से 50 मिलियन टन कार्गो का आयात निर्यात होने का अनुमान है। कार्गो हब उत्तर भारत को वैश्विक लॉजिस्टिक्स के नक्शे पर प्रमुख गेटवे के रूप में स्थापित करेगा।

इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मास्युटिकल्स और एग्री प्रोडक्ट्स समेत अन्य क्षेत्रों में चाइना प्लस वन रणनीति के खिलाफ भारत का मजबूत विकल्प बन सकता है।

इस हब में ई-कॉमर्स, फार्मा, इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमोबाइल जैसे उद्योगों के लिए डेडिकेटेड जोन होंगे।

शार्ट न्यूज

पत्नी की हत्या करने वाला पति गिरफ्तार

दादरी। गौतमबुद्धनगर के थाना दादरी क्षेत्र में पति द्वारा पत्नी की हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी सोनू शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से हत्या में प्रयुक्त चाकू और मोबाइल फोन बरामद किया गया है। एडिशनल डीसीपी सुधीर कुमार के अनुसार, 21 सितंबर 2025 को मृतका के परिजनों ने थाना दादरी में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया कि सोनू शर्मा ने अपनी पत्नी चंचल शर्मा की चाकू से हत्या कर दी है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने पत्नी के गलत व्यवहार से परेशान होकर यह कदम उठाया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है और मामले की जांच जारी है। पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर का कहना है कि अपराध पर अंकुश लगाने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

नोएडा में 3 अंतर्राज्यीय चोर गिरफ्तार

गौतम बुद्ध नगर। नोएडा पुलिस ने सेक्टर-62 से तीन अंतर्राज्यीय चोरों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मोनू उर्फ अनिल, बबलू उर्फ कलुआ और रघु उर्फ गोलू के रूप में हुई है। 10 सितंबर को एक महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनके सेक्टर-62 स्थित फ्लैट का ताला टूटा मिला और घर से दो LED टीवी, नकदी और चांदी के सिक्के चोरी हो गए। पूछताछ में आरोपियों ने कबूला कि उन्होंने फ्लेक्स अपार्टमेंट की दीवार का तार काटकर सोसाइटी में प्रवेश किया था। बंद फ्लैट की कुंडी तोड़कर LED टीवी, नकदी, घड़ियां, बर्तन, लैपटॉप और चांदी के सिक्के चोरी किए। उसी रात आरोपियों ने एक दूसरी सोसाइटी के मंदिर में रखे दानपात्र से भी नकदी चुराई। चोरी का कुछ सामान इन्होंने अनजान व्यक्ति को बेच दिया और पैसे खर्च कर दिए। जांच में सामने आया कि जून में भी आरोपियों ने सेक्टर-31 निठारी में एक घर से नकदी और सोने-चांदी के जेवरात चोरी किए थे। इन मामलों में थाना सेक्टर-58 और सेक्टर-20 में मुकदमा दर्ज है।

नवरात्रि के पहले दिन भी पानी की समस्या से जूझे लोग

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की निराला एस्टेट सोसाइटी में लोग लगातार पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। सोसाइटी में नवरात्रि के पहले दिन सोमवार को भी लोगों के घरों में पानी समाप्त हो गया। वहीं बिल्डर प्रबंधन द्वारा नोटिस जारी कर कर प्राधिकरण की तरफ से जलापूर्ति ठीक से न होने की बात बताई गई। सोसाइटी में रहने वाले विशाल ने बताया कि परिसर में करीब हजारों परिवार रहते हैं, लेकिन लोगों को पानी जैसी मूलभूत सुविधा भी ठीक से नहीं मिल रही है। सोसाइटी में करीब एक महीना से हर दूसरे दिन जलापूर्ति बाधित हो जाती है, जिससे लोगों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।अभी दो दिन पहले सोसाइटी में पूरे दिन पानी की समस्या बनी रही थी। प्रबंधन द्वारा पानी का टैंकर भी मांगे गए, लेकिन उसे समाधान नहीं हुआ। वहीं, अब नवरात्रि के पहले दिन भी सोसाइटी में पानी की समस्या उत्पन्न हो गई। बिल्डर प्रबंधन द्वारा सोमवार सुबह एक नोटिस जारी किया है, जिसमें प्राधिकरण की तरफ से पानी की सप्लाई पर्याप्त न होने का कारण बताया गया। साथ ही, पानी का टैंकर मंगाने का आश्वासन भी दिया, लेकिन दोपहर बाद सोसाइटी के विभिन्न टावर में पानी समाप्त होने लगा, जिससे लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ा।

सेक्टर-34 में 53 लोगों ने रक्तदान किया

नोएडा। फेडरेशन ऑफ़ आरडब्ल्यूए सेक्टर-34 की ओर से सामुदायिक केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर चाइल्ड पीजीआई नोएडा के सहयोग से किया गया। शिविर में 53 लोगों ने रक्तदान किया। फेडरेशन आरडब्ल्यूए महासचिव धर्मेन्द्र शर्मा ने उन्होंने अपने जीवनकाल का 44 वाँ रक्तदान करते हुए सेक्टर निवासियों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। स्वस्थ व्यक्ति को एक निश्चित समय अंतराल पर अवश्य रक्तदान करना चाहिए रक्तदान से एक ओर जहां किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है। वहीं दूसरी ओर नियमित तौर पर रक्तदान करने से मनुष्य को स्वास्थ्य को लाभ मिलता है इस मौके पर चिकित्सक दल द्वारा रक्त दाताओं को प्रमाण पत्र सम्मानित किया गया।इस अवसर पर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष केके जैन, देवेन्द्र वत्स, ओमेंद्र कुमार, प्रदीप सिंह, संजीव महतो, डॉ सीमा दुआ व डॉ सत्यम अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

जनपद का खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग एक्शन में

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने अभियान चलाकर विभिन्न प्रतिष्ठानों से 07 खाद्य पदार्थों के नमूने किए संग्रहित

गौतम बुद्ध नगर। आगामी नवरात्रि एवं दशहरे के पर्वों के दृष्टिगत जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मेधा रूपम के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारीगण खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु संग्रहित कर रहे हैं।

इसी श्रृंखला में सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज खाद्य सुरक्षा अधिकारी सय्यद इबादुल्लाह, विशाल कुमार गुप्ता एवं अमर बहादुर सरोज की टीम द्वारा सेक्टर-62 नोएडा स्थित आनंद डेयरी से बफैलो मिल्क एवं डबल टॉन्ड मिल्क का 01-01 नमूना, इंपीरियल स्पाइसेज रेस्टोरेंट से टोमैटो

ग्रेवी व पनीर का 01-01 नमूना लिया गया।इसी टीम द्वारा दादरी स्थित सिंघल बेकरी से पाइन एपल कैक का 01 नमूना तथा सुपरटेक इको विलेज बिसरख स्थित फरहान खान के स्टोर से कुट्टू आटा का एक नमूना लिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी रविन्द्र नाथ वर्मा द्वारा जेवर चौराहा स्थित मिठाई की दुकान से सोन पापड़ी का 01 नमूना लिया गया। इस प्रकार कुल 07 नमूने संगहीत कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं।

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय ने बताया कि आगे भी इसी प्रकार से जिलाधिकारी के निर्देशन में जांच अभियान संचालित करते हुए नमूने संग्रहित करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि जनपद वासियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध हो सके।

जारचा में चोरी की बाइक के साथ युवक धरा

नोएडा (गौतम बुद्ध नगर)। जारचा पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एक सफलता हासिल की है। दादूपुर नहर पुल के पास से पुलिस ने ग्राम रानोली लतीफपुर के रहने वाले 19 वर्षीय अमन को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पुलिस ने एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। मोटरसाइकिल का रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी 16 डीडी 4410 है। इसके अलावा उसके कब्जे से एक अवैध चाकू भी मिला है। पुलिस की जांच में पता चला है कि अमन का आपराधिक रिकॉर्ड पहले से है। उसके खिलाफ थाना सूरजपुर, इकोटेक प्रथम और जारचा में कई मुकदमे दर्ज हैं। इन मामलों में चोरी, लूट और अवैध हथियार रखने के केस शामिल हैं। नोएडा पुलिस के मीडिया सेल ने बताया कि यह गिरफ्तारी बीट पुलिसिंग और स्थानीय सूचना तंत्र की मदद से की गई है। आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

नोएडा ने युवक ने गोली मारकर की आत्महत्या

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र स्थित आम्रपाली लेजर वैली सोसाइटी में सोमवार तड़के एक दर्दनाक घटना हुई। सोसाइटी के ए-146 में रहने वाले 22 वर्षीय प्रियांशु चौधरी ने सुबह करीब 4 बजे पार्क में लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को गोली मार ली। घटना के बाद सोसाइटी में हड़कंप मच गया।

पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट मिला है। उसमें प्रियांशु ने अपने छोटे भाई वैभव से मां-पिता का ख्याल रखने की अपील की है। नोट में किसी परेशानी या तनाव का जिक्र नहीं किया गया है। पुलिस ने नोट को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

परिवार में मां-पिता और दो बेटे हैं। बताया जा रहा है कि प्रियांशु आगे की पढ़ाई के लिए एमबीए में दाखिला लेने वाला था। अचानक उठाए गए इस कदम से परिवार सदमे में है।

पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि युवक किसी बात को लेकर परेशान था, लेकिन आत्महत्या की वजह अभी साफ नहीं हो पाई है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में बनेगी छह लेन की एलिवेटेड रोड

नोएडा (गौतम बुद्ध नगर)। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के बिसरख ब्लॉक में एलिवेटेड रोड का निर्माण होगा। प्राधिकरण ने इस रोड को चार की बजाय छह लेन का बनाने का निर्णय लिया है। यह फैसला ट्रैफिक के बढ़ते दबाव और जेवर एयरपोर्ट कनेक्टिविटी को देखते हुए लिया गया है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की संयुक्त बैठक में यह निर्णय लिया गया। यह एलिवेटेड रोड ग्रेटर नोएडा वेस्ट को नेशनल हाईवे-9 से जोड़ेगी। इससे दिल्ली और गाजियाबाद की कनेक्टिविटी बेहतर होगी।

शाहबेरी क्षेत्र में पिक ऑवर्स के दौरान ट्रैफिक जाम की समस्या रहती है। लाखों वाहन चालकों को इस समस्या का सामना करना पड़ता है। एलिवेटेड रोड बनने से यात्रियों को जाम से राहत मिलेगी।

प्राधिकरण डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट को अंतिम रूप दे रहा है। बजट और तकनीकी मंजूरी की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। अगले कुछ महीनों में टेंडर प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना है।

भाकियू के प्रतिनिधिमंडल ने डीएम से की मुलाकात

ग्रेटर नोएडा में किसानों की समस्याओं से अवगत कराया, वार्ता का मिला आश्वासन

जेवर। ग्रेटर नोएडा के गांव रौनीजा में भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) का अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को 55वें दिन भी जारी रहा। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्यौराज के नेतृत्व में यह आंदोलन चल रहा है।

किसान नेताओं का प्रतिनिधिमंडल जिला मुख्यालय पहुंचा। उन्होंने जिलाधिकारी से मुलाकात कर किसानों की समस्याएं रखीं। प्रतिनिधिमंडल ने खाद और बीज की कमी की समस्या बताई। बिजली विभाग से जुड़ी समस्याओं पर भी चर्चा

की। यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र के सेक्टर 22ई में जेबीएम यूनिवर्सिटी द्वारा हो रहे अनियमित जल दोहन का मुद्दा भी उठाया।

संगठन के अनुसार 55 दिनों में किसानों से कोई सार्थक वार्ता नहीं हुई है। इससे किसानों में नाराजगी है। उनका आरोप है कि जिला गौतमबुद्ध नगर में किसानों की समस्याओं की अनदेखी की जा रही है।

जिलाधिकारी ने प्रतिनिधियों की मांगों को सुना। उन्होंने जल्द वार्ता का आश्वासन दिया। धरने में सतीश मुखिया, सुनील प्रधान, सतेंद्र सिंह, रविंदर सिंह, नरेश भाटी, लोकेश भाटी (खैमी पहलवान), अमित गोड, संत महेंद्र और गजब सिंह मौजूद रहे।

ग्रेटर नोएडा में तीन ई-चार्जिंग स्टेशन शुरू

एक साथ 12 वाहन चार्ज होंगे; सिटी पार्क, जीएनआईओटी और शारदा यूनिवर्सिटी के पास स्थाई स्टेशन

नोएडा (गौतम बुद्ध नगर)। ग्रेटर नोएडा में पहली बार तीन स्थाई ई-चार्जिंग स्टेशन शुरू हो गए हैं। ये स्टेशन सिटी पार्क, नॉलेज पार्क स्थित जीएनआईओटी और शारदा विश्वविद्यालय के पास स्थापित किए गए हैं। इन स्टेशनों पर एक साथ 12 इलेक्ट्रिक वाहन चार्ज किए जा सकते हैं।

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 के मद्देनजर ये स्टेशन तैयार किए गए हैं। ट्रेड शो में आने वाली इलेक्ट्रिक बसों और अन्य वाहनों को चार्ज करने की सुविधा मिलेगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर यह काम पूरा किया गया है।

एसीईओ प्रेरणा सिंह की निगरानी में

प्राधिकरण के अर्बन सर्विस विभाग ने इन स्टेशनों का निर्माण कराया है।

पहले ग्रेटर नोएडा में ई-चार्जिंग स्टेशन नहीं होने से इलेक्ट्रिक वाहन मालिकों को परेशानी होती थी। ट्रेड शो के बाद भी ये स्टेशन स्थाई रूप से चालू रहेंगे। एसीईओ प्रेरणा सिंह ने कहा है कि आवश्यकता के अनुसार और भी चार्जिंग स्टेशन बनवाए जाएंगे। इससे ग्रेटर नोएडा में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

शौक पूरा करने के लिए चोरी करता लग्जरी कार

नोएडा। पैसे न होने के बावजूद लग्जरी गाड़ियों का शौक पूरा करने के लिए वाहनों की चोरी करने वाले आरोपी को फेज वन थाने की पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से चोरी की फॉरच्यूनर कार बरामद हुई है। पुलिस आरोपी का आपराधिक इतिहास पता करने में जुट गई है। एसीपी स्वतंत्र सिंह ने बताया कि बीते दिनों कार चोरी होने की शिकायत मिली थी। इसके बाद वाहनों की चोरी करने वाले गिरोह के सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए एक टीम बनाई गई। टीम ने रविवार को फेज वन थाना क्षेत्र स्थित एजी एन्वायरो के पास से एक आरोपी को चोरी की फॉरच्यूनर के साथ दबोच लिया। वाहन संबंधी दस्तावेज जब आरोपी से मांगे गए तो वह नहीं दिखा सका। आरोपी की पहचान बिहार के कैमूर निवासी 21 वर्षीय जमील अंसारी के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसे लग्जरी गाड़ियों का काफी शौक है। पैसा न होने के कारण उसका शौक पूरा नहीं हो रहा था। ऐसे में अपने शौक को पूरा करने के लिए वह रैकी कर लग्जरी गाड़ियों की चोरी करने लगा। चोरी की गाड़ियों की नंबर प्लेट हटाकर आरोपी उसे खुद ही चलाता है। अगर इस दौरान चोरी की गाड़ी का उसे अच्छा दाम मिल जाता है, तो आरोपी बेच भी देता है। पुलिस का कहना है कि आरोपी पूर्व में लग्जरी गाड़ियों की चोरी कर चुका है। आरोपी के खिलाफ दिल्ली और नोएडा के अलग-अलग थानों में दो केस दर्ज होने की जानकारी मिली है। जमील के पास से चोरी की जो गाड़ी बरामद हुई है, वह हरियाणा नंबर की है। पुलिस बिहार और हरियाणा समेत अन्य जगहों से भी आरोपी का आपराधिक इतिहास पता कर रही है।

नोएडा तैयार करेगा सिटी लॉजिस्टिक प्लान

10 हजार से ज्यादा फैक्ट्रियों को होगा फायदा, प्लान के लिए कंपनी का होगा चयन

नोएडा। सड़कों की भीड़भाड़ से बचाकर कच्चा और तैयार मॉल कंपनियों और बाजार तक पहुंचाने के लिए प्राधिकरण सिटी लॉजिस्टिक्स प्लान (सीएलपी) तैयार कर रहा है। यह पहल ऐसे समय में की गई है जब शहर में तेजी से निवेश बढ़ रहा है और भविष्य में इस प्लान की कारोबारियों की जरूरत होगी। ताकि लॉजिस्टिक परिवहन में किसी प्रकार की अड़चन नहीं आए। ये प्लान एक सलाहकार कंपनी तैयार करेगी। इससे करीब 10 हजार से ज्यादा फैक्ट्रियों को फायदा होगा।

प्राधिकरण ने इसके लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) जारी की है। एजेंसियां 27 अक्टूबर तक आवेदन कर सकती है। चयनित होने वाली एजेंसी को नोएडा के लिए लॉजिस्टिक प्लान तैयार करना होगा। अधिकारियों ने कहा कि प्लान के तहत उन सड़कों की पहचान की जाएगी, जिससे सबसे ज्यादा लॉजिस्टिक आता जाता है। वेयर हाउस, बाज़ार और इंडस्ट्री जोन का एक मैप तैयार किया जाएगा। लॉजिस्टिक लाने ले जाने के लिए ट्रक आवाजाही , बेहतर पार्किंग और लोडिंग-अनलोडिंग सुविधाओं जैसे उपाय सुझाए जाएंगे।

वर्तमान में नोएडा में ट्रकों की आवाजाही के लिए कोई मैनेजमेंट प्लान नहीं है।

जिससे अक्सर भारी वाहन आवासीय और वाणिज्यिक क्षेत्रों में घुस जाते हैं। इससे यातायात जाम और लोगों को खासी दिक्कत होती है। सीएलपी नॉन पीक आवर में भारी वाहनों की आवाजाही को निर्धारित करके, लॉजिस्टिक गतिविधियों के लिए क्षेत्रों को चिह्नित करेगा।

एनएलपी को अपनाकर बनेगा प्लान

नोएडा नेशनल लॉजिस्टिक पॉलिसी (एनएलपी) को अपनाकर ही शहर का सिटी लॉजिस्टिक्स प्लान (सीएलपी) बनाएगी। इसके तहत माल ढुलाई भागीदारी समिति (एफपीसी) का गठन किया जाएगा। इन समितियों में सरकारी अधिकारी, उद्योग जगत, लॉजिस्टिक्स प्रदाता और शैक्षणिक विशेषज्ञ शामिल होंगे, जो सामूहिक रूप से अलग-अलग क्षेत्रों जैसे ई-कॉमर्स, इलेक्ट्रॉनिक्स और फार्मास्यूटिक्स के लिए विशेष कार्य योजनाएं बनाएंगे।

नीयत यातायात से प्रदूषण होगा कम

नए प्लान के तहत शहर के प्रमुख रास्तों पर लॉजिस्टिक एक नीयत ढंग से चलेगा। जिससे सड़कों पर वायु प्रदूषण कम होगा और यातायात जाम भी नहीं होगा। प्लान तैयार करने के बाद प्राधिकरण इसे नोएडा में लागू करेगा।

नोएडा में कंपनी कर्मी ने चोरी किए 30 फैब्रिक रोल, चार आरोपी गिरफ्तार

नोएडा। सेक्टर 63 स्थित कपड़े बनाने की कल्पट्री फैशन एंड लाइफस्टाइल नाम की फैक्ट्री में पिछले सप्ताह चोरी हुए 30 डैनिम फैब्रिक रोल को कर्मी ने अपने तीन साथियों संग मिलकर चोरी किया था। पुलिस ने चारों को सेक्टर 63 अंडरपास से गिरफ्तार किया। आरोपितों से चोरी के सात रोल, चोरी करने में प्रयुक्त एक टेंपो व 55 हजार रुपए बरामद हुए। ये चोरी चार दिन में की गई। साथ चोरी के समय सीसीटीवी बंद कर दिए गए थे।

सर्विलांस की मदद से पकड़े

नोएडा सेक्टर 63 थाना पुलिस फैक्ट्री मालिक की शिकायत पर चोरों की तलाश में जुटी थी। चोरी करने में कर्मी सोनू दास की भूमिका संदिग्ध मिली थी। सर्विलांस की मदद से जांच पड़ताल की गई। सोनू और उसके तीन साथी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। थाना प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपितों की पहचान वैशाली बिहार के मोदीपोखर गांव के सोनू दास, उन्नाव के तुबरापुर गांव के कृपाशंकर, हापुड़ के सलाई गांव के सद्दाम व बरेली के जामअंतरामपुर गांव के नसीम के रूप में हुई।

अलग-अलग तारीख में की चोरी

वर्तमान में सोनू नोएडा के सेक्टर 63, कृपाशंकर नोएडा के छिजारसी, सद्दाम गाजियाबाद के मसूरी व फरीदाबाद के एकता विहार में किराये पर रह रहा था। पूछताछ में पता चला है कि सोनू दास फैक्ट्री में देखभाल का काम करता है। उसने ही माल चोरी करने की योजना बनाई थी। कबाड़ी सद्दाम, नसीम दुकानदार व टैंपो चालक कृपाशंकर को शामिल किया था। सोनू ने तीनों को बुलाकर चार सितंबर, सात सितंबर, 11 सितंबर और 15 सितंबर को चार बार में 30 डैनिम फैब्रिक रोल चोरी कराये थे।

केंद्रीय राज्यमंत्री का पीलीभीत में भव्य स्वागत

खमरियापुल स्थित श्री परम अक्रिय धाम आश्रम पहुंचे, दर्शन-पूजन कर समाज की खुशहाली की कामना

पीलीभीत। बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के केंद्रीय राज्यमंत्री शंतनु ठाकुर इन दिनों जनपद की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। यात्रा के क्रम में सोमवार को उनका सर्वप्रथम आगमन खमरियापुल स्थित श्री परम अक्रिय धाम आश्रम पर हुआ।जनपद की विभिन्न बंगाली कॉलोनियों से आए समाज के सम्मानितजनों ने आश्रम परिसर में राज्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत और अभिनंदन किया। तत्पश्चात ठाकुर ने श्री अलखेश्वरनाथ मंदिर में प्रभु के दर्शन-पूजन कर क्षेत्र व

समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं और आगंतुकों ने सामूहिक रूप से प्रसाद ग्रहण किया।

बताया गया कि महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने पुष्पगुच्छ, फूलों की माला और पटका पहनाकर राज्यमंत्री का हार्दिक स्वागत किया। साथ ही उन्हें भगवान श्रीराम की स्मृति-प्रतिमा भेंट की। इसके उपरांत दोनों के बीच कई महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा भी हुई।आश्रम में आयोजित यह स्वागत समारोह न केवल बंगाली समाज के लिए गौरव का क्षण रहा, बल्कि स्थानीय नागरिकों में भी उत्साह और आत्मीयता का वातावरण लेकर आया।

पिपरिया भजा में नवरात्रि महोत्सव का आगाज़

गजरौला कला। क्षेत्र के गांव पिपरिया भजा में शारदीय नवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ आस्था और श्रद्धा के वातावरण में हुआ। प्रथम दिन मां शारदे की पूजा के लिए 51 कन्याओं ने सिर पर कलश धारण कर भव्य कलश यात्रा निकाली।कलश यात्रा गांव से प्रारंभ होकर भवसागर पुल तक पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने माला नदी से पवित्र जल भरकर कलशों में स्थापित किया। इस दौरान गांव की गलियों और मार्गों पर जय माता दी के जयघोष गूंज उठे। ढोल-नगाड़ों और भजनों की मधुर धुन पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए। गांव लौटने के बाद कलशों का पूजन विधिविधान से सम्पन्न हुआ। आयोजक सुमेर लाल ने बताया कि कलश स्थापना के अगले दिन मां शेरावाली की प्रतिमा की स्थापना की जाएगी। इसके बाद पूरे नौ दिनों तक मां के दरबार में पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और नवमी को भव्य जागरण का आयोजन होगा। प्रतिमा स्थापना का शुभ कार्य गिरजा शंकर मौर्य एवं उनकी पत्नी रामरानी मौर्य करेंगे। आयोजन में सोनम, शिवानी, खुशबू, सपना, गायत्री, कुमकुम, मधु, बसंती, गंगोत्री, सोनाक्षी, सविता, प्रियंका, कामनी, दुर्गा, बर्स, पिंकी, गीत, संजना, शीतल, अखिलेश, खुशबू शर्मा, ईश्वरवती, नैना, आस्था, ज्योति, कोमल, संगीता, रचना देवी, कल्पना आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।

शार्ट न्यूज

विवेकानन्द यूथ अवार्ड हेतु प्रस्ताव आमंत्रित 25 सितंबर तक जमा करने होंगे आवेदन

पीलीभीत। महानिदेशालय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक दल उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद पीलीभीत से विवेकानन्द यूथ अवार्ड के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। यह अवार्ड विकास खंड स्तर पर सक्रिय सामाजिक और राष्ट्रीय कार्यक्रमों का संचालन करने वाले युवक एवं महिला मंगल दलों को दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति कार्यक्रम और राष्ट्रीय एकीकरण जैसे जनहितकारी कार्यों का निर्वहन एवं प्रचार-प्रसार करने वाले दलों में से एक सर्वश्रेष्ठ दल का चयन किया जाएगा। तत्पश्चात सभी विकासखंडों से प्राप्त प्रस्तावों में से एक युवक दल और एक महिला दल को जनपद स्तर पर विवेकानन्द यूथ अवार्ड प्रदान किया जाएगा। जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी ने सभी युवक एवं महिला मंगल दलों को सूचित किया है कि इच्छुक दल अपना प्रस्ताव 25 सितंबर 2025 तक अपने संबंधित विकास खंड के क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी को उपलब्ध कराएं।

व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक संपन्न

सुरक्षा, यातायात, बिजली आपूर्ति और स्वच्छता पर हुई चर्चा

पीलीभीत। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सोमवार को सहायक पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी नगर, ईओ नगर पालिका, एसडीओ विद्युत विभाग, एआरटीओ पीलीभीत सहित जनपद के व्यापार मंडल के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। बैठक में व्यापारियों की सुरक्षा व्यवस्था, यातायात सुगमता, बिजली आपूर्ति, नगर क्षेत्र की स्वच्छता तथा अन्य समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर व्यापारियों और ट्रांसपोर्टरों की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करेंगे।

आयुध अधिनियम के तहत अभियुक्त को सजा

ललितपुर । पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक द्वारा जनपद में अपराधियों को शीघ्र अधिक से अधिक सजा दिलाये जाने हेतु प्रभावी पैरवी के लिये सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारों को निर्देशित किया गया था ।इसी क्रम में अभियुक्त जय सिंह उर्फ जसपिन पुत्र कमलापति निवासी सिंगेपुर थाना महरौनी जनपद ललितपुर के विरूद्ध थाना महरौनी में मु0अ0सं0 325/2014 धारा 25 आयुध अधि0 का अभियोग पंजीकृत हुआ था जिसमें डेडीकेटेड टीम गठित कर वैज्ञानिक व तथ्यपरक साक्ष्यों के आधार पर समयवद्ध व गुणवत्तापूर्ण विवेचना संपादित कर अभियुक्त के विरूद्ध आरोप पत्र माननीय न्यायालय प्रेषित किया गया था । पुलिस अधीक्षक ललितपुर द्वारा उपरोक्त प्रकरण की निरन्तर प्रभावी पैरवी करवायी गयी जिसमें थाना महरौनी पुलिस, कोर्ट पैरोकार व अभियोजन पक्ष के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी करते हुए दिनांक 22.09.2025 को मा0 न्यायालय ACJM महरौनी जनपद ललितपुर द्वारा अभियुक्त जय सिंह उपरोक्त को दोषी पाते हुए जेल में बितायी गई अवधि के कारावास व 01 हजार रूपये की धनराशि के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है ।

राज्यपाल बोलीं- हॉस्टल की लड़कियां ले रहीं ड्रग्स

मेरठ। मेरठ में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा- ऐसी पढ़ाई का क्या फायदा, जब बच्चे ड्रग्स का सेवन करने लगे। सुनने में आया है कि कुछ छात्राएं भी ड्रग्स लेती हैं। छात्राएं एक तरफ मेडल जीत रहीं, दूसरी तरफ हॉस्टल में गलत संगत के कारण ड्रग्स का सेवन कर रही हैं। ये उनके और उनके परिवार के लिए हानिकारक है। चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने कहा- मैंने जैसे ही ये सुना, तो सुनते ही मुझे आत्मघात करने जैसा लगा। अब यूनिवर्सिटी में कोई भी ऑनलाइन-ऑफलाइन ऑर्डर नहीं आएगा। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल सीसीएसयू के दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए बीते 3 दिन से यूनिवर्सिटी के गेस्ट हाउस में रुकी हुई थीं। इस दौरान उन्होंने हॉस्टल का निरीक्षण किया।

आजमगढ़ में जिला जज ने किया जेल का दौरा

आजमगढ़। आजमगढ़ में जिले के न्यायाधीश जय प्रकाश पांडेय ने डीएम रविंद्र कुमार और एसपी डॉक्टर अनिल कुमार के साथ संयुक्त रूप से मंडलीय कारागार का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान जेल के अधिकारियों को महिला कैदियों और पुरुष कैदियों की बैरकों की साफ सफाई करने के साथ-साथ समय-समय पर उनका स्वास्थ्य परीक्षण करने के भी निर्देश दिए। जिससे की जेल में बंद कैदियों को किसी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही जेल के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। आजमगढ़ के मंडलीय कारागार में 1200 से अधिक कैदी बंद है। ऐसे में जेल में बंद कैदियों को किसी तरह की समस्या ना हो इसी को ध्यान में रखते हुए यह निरीक्षण किया गया है। जिला जज और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने जेल में बंद कैदियों से जेल में मिलने वाली सुविधाओं और खाने-पीने को लेकर फीडबैक भी लिया है।

नि: शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

24 सितंबर को विशेषज्ञ डॉक्टर करेंगे जांच और उपचार

गजरौला/पीलीभीत। गजरौला कला के पंचायत सचिवालय सहराई में बुधवार, 24 सितंबर को एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर का आयोजन बरेली स्थित रिद्धि सिद्धि विजन आई केयर एंड ऑप्टिकल सेंटर की ओर से किया जा रहा है।शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक आंखों से संबंधित सभी बीमारियों की जांच और उपचार निःशुल्क करेंगे। साथ ही आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए मोतियाबिंद के निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। आयोजकों के अनुसार शिविर में आधुनिक विदेशी मशीनों से आंख के परदे की जांच, कला और सफेद मोतियाबिंद की पहचान एवं ऑपरेशन, दृष्टि परीक्षण, कंप्यूटराइज्ड जांच, परामर्श, नज़र व धूप के चश्मों की सुविधा उपलब्ध होगी।शिविर में सेवाएं देने वाले विशेषज्ञों में डॉ. सुनील कुमार (भूतपूर्व नेत्र परिचारक, प्रकाश आंखों का अस्पताल, रुद्रपुर, उत्तराखंड), डॉ. अनुराग गर्ग (एमबीबीएस, एमएस) तथा प्रीत ऑप्टिकल क्लिनिक, अमृतसर, पंजाब के डॉ. दमनजोत सिंह (पीएचडी) शामिल रहेंगे। शिविर सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस निःशुल्क नेत्र चिकित्सा सेवा का लाभ उठाने की अपील की है।

लव मैरिज के 3 साल बाद पत्नी की हत्या की

फतेहपुर। फतेहपुर में पति ने दोस्त के साथ मिलकर पत्नी की हत्या कर दी। उसकी लाश को बंद चमड़ा फैक्ट्री में पेट्रोल डालकर जला दिया। महिला 15 सितंबर यानी बीते 8 दिन से लापता थी। उसके परिवार वालों ने कानपुर के महाराजगंज थाने में गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी। सोमवार सुबह 5 बजे फतेहपुर पुलिस को आरोपियों की लोकेशन मिली। पुलिस ने खानपुर में दोनों को घेरकर सरेंडर करने को कहा। बाइक से भाग रहे आरोपी फिसलकर गिर गए। आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग भी कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने दोनों के पैर में गोली मारी। उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

दसवें आयुर्वेद दिवस की तैयारियों की समीक्षा बैठक संपन्न

स्वास्थ्य शिविर, नि: शुल्क परामर्श और योग सत्र होंगे आयोजित

पीलीभीत। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयुर्वेद दिवस के सफल आयोजन को लेकर बैठक संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 23 सितंबर को दसवां आयुर्वेद दिवस ललित हरि राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज सभागार में भव्य रूप से मनाया जाएगा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयुर्वेद दिवस के अवसर पर जन-जागरूकता कार्यक्रम, स्वास्थ्य शिविर, निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श, औषधि वितरण तथा योग और प्राणायाम सत्र आयोजित किए जाएं, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने सभी तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने और आमजन की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी, आयुर्वेदिक कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुदीप सहाय बेदार, आयुर्वेद-यूनानी अधिकारी डॉ. सुरेंद्र वर्मा, डॉ. पंकज राजवंशी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

मूर्ति विसर्जन स्थलों का निरीक्षण कर जांची सुरक्षा व्यवस्था

- श्रद्धालुओं और एंबुलेंस का रखें विशेष ध्यान : एसडीएम
- अराजक तत्वों पर रहेगी पैनी नजर : डीएसपी

विशाल विशाल इंडिया पूनम तिवारी

अंबेडकर नगर।भीटी तहसील क्षेत्र के मूर्ति विसर्जन स्थलों का एसडीएम भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने क्षेत्राधिकार भीटी लक्ष्मीकांत मिश्रा प्रभारी निरीक्षक भीटी अमित कुमार पाण्डेय के साथ निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की जांच की।इस दौरान एसडीएम भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने भीटी तहसील क्षेत्र के काली माता चौरा सहित सभी विसर्जन स्थलों का जायजा लिया और उचित दिशा निर्देश दिया।एसडीएम भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने घाटों की साफ सफाई व्यवस्था का क्रमवार तरीके से निरीक्षण किया,उन्होंने विसर्जन मार्गों पर यातायात व्यवस्था के लिए निर्देश दिए,विसर्जन के दौरान एंबुलेंस और आपातकालीन वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए उपस्थित जिम्मेदार लोगों को निर्देश दिया। एसडीएम भीटी के द्वारा निर्देश दिया गया कि सभी रूटों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए,भीड़ में मौका पाकर हुड़दंग् करने वाले और असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने और कार्यक्रम को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने की बनाई गई योजना पर

विशेष तरीके से अमल करने के लिए निर्देशित किया।

एसडीएम भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि तहसील क्षेत्र के सभी विसर्जन स्थलों का निरीक्षण कर थाना प्रभारी और क्षेत्राधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं और मेरे और पूरी टीम के द्वारा इस पर विशेष नजर रखी जा रही है किसी भी स्तर से कोई कमी शेष नहीं है।उन्होंने एक बात बड़ी स्पष्ट बताई कि विसर्जन की व्यवस्था में लगे सभी अधिकारियों कर्मचारियों को इस बात के लिए विशेष रूप से बताया गया है कि यहां पूजा अर्चना के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो साफ सफाई , सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त हो।

एसपी ने शहर में पैदल गश्त की

ललितपुर। शारदीय नवरात्रि पर्व के दृष्टिगत थाना कोतवाली, ललितपुर क्षेत्रांतर्गत भम्रण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा सम्बंधित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश। नवरात्रि पर्व के दृष्टिगत ड्यूटी पर लगे अधिकारी/कर्मचारीगण को त्योहार को शान्ति पूर्वक संपन्न कराने हेतु सुरक्षा व शांति व्यवस्था से संबंधित ब्रीफ कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक द्वारा मिशन शक्ति-5.0 के अंतर्गत महिलाओं/बालिकाओं को महिला शसक्तिकरण/आत्मस्वालंबन के प्रति किया गया जागरूक पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा थाना कोतवाली ललितपुर क्षेत्रांतर्गत पैदल गस्त किया तथा दुकानों/प्रतिष्ठानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किये गये तथा व्यापारीगण/आमजनमानस से वार्ता कर सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वत किया गया ।

पुलिस ने छापेमारी में 150 लीटर शराब बरामद की और 1200 लीटर लहन किया नष्ट

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के नेतृत्व में जनपद में अवैध शराब/मादक पदार्थों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली ललितपुर पुलिस द्वारा कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत ग्राम ग्राम चीरा में दबिश के दौरान 150 लीटर नाजायज कच्ची शराब बरामद कर मौके पर करीब 1200 लीटर लहन नष्ट कर, 03 अभियुक्तों को नियमानुसार गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही गई । गिरफ्तार करने वाली टीम क्षेत्राधिकारी सदर प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी मय टीम आदि शामिल रहे।

'मतदाता सूची पुनरीक्षण में बीएलओ घर-घर जायेंगे' : तहसीलदार

पूनम तिवारी विशाल इण्डिया

भीटी अंबेडकर नगर। तहसील भीटी के सभागार में सभी बीएलओ को मतदाता सूची में नाम जोड़ने काटने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण देते हुए तहसीलदार भीटी राज कपूर ने कहा की जो व्यक्ति 1/1/2003 से उत्तर प्रदेश के निर्वाचक नामावली में है,उसका अपने आप में वही दस्तावेज माना जाएगा ऐसे मतदाता का केवल एनुमरेशन फार्म भरवाना है,और दस्तावेज के रूप में केवल 2003 की मतदाता सूची का साक्ष्य लोड करना है। जिनका जन्म

1/7/ 87 के पूर्व हुआ है उन्हें अपने जन्म के जन्म स्थान को प्रमाणित करने के लिए दस्तावेज उपलब्ध कराना होगा,1/7/1987 और 2 /12 /2004 के बीच जिनका जन्म हुआ है उन्हें भी दस्तावेज उपलब्ध कराना होगा और जिनका जन्म 2/.12/.2004 के बाद हुआ है उन्हें भी अपने जन्म के स्थान को प्रमाणित करने के लिए दस्तावेज उपलब्ध कराना होगा।पहचान पत्र के रूप में 11 विकल्प दिए गए उनमें से कोई एक पहचान पत्र के लिए काफी है बिना पहचान पत्र दिए किसी का नाम मतदाता सूची में नहीं रखा जाएगा।बीएलओ को घर-घर जाकर मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य पूरा करना होगा किसी तरह की त्रुटि पाए जाने और शिकायत मिलने पर संबंधित बीएलओ के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी उपरोक्त प्रशिक्षण का कार्यक्रम दो पारियों में संपन्न कराया गया।कार्यक्रम में तहसीलदार भीटी राज कपूर के अलावा नायब तहसीलदार भीटी कौशल कांत मिश्रा खंड विकास अधिकारी भीटी हौशिला प्रसाद खंड शिक्षा अधिकारी भीटी श्याम प्रताप सिंह के द्वारा भी प्रशिक्षण दिया गया।

मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक

ललितपुर । पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन जनपद ललितपुर के समस्त थानों की एन्टी रोमियो टीम द्वारा जागरूकता कार्यक्रम चलाकर छात्र/छात्राओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम की विशेषताएँ नवरात्रि के प्रथम दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास, जागरूकता और सुरक्षा का वातावरण सुदृढ़ करना रहा। महिला थानाध्यक्ष, ललितपुर स्वाती शुक्ला द्वारा राजकीय बालिका इण्टर कालेज, ललितपुर में छात्राओं के साथ चौपाल का आयोजन कर उन्हें सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर खुलकर चर्चा का अवसर प्रदान किया गया। बालिकाओं से कहा कि -किसी भी गलत बात को सहन न करें, तुरंत अपने अभिभावकों एवं पुलिस को सूचना दें। पुलिस सदैव आपकी सुरक्षा और सहयोग के लिए तत्पर है। छात्राओं को दी गई उपयोगी जानकारी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर वूमेन पावर लाइन : 1090,
पुलिस आपातकालीन सेवा : 112, महिला हेल्पलाइन : 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन : 1076,चाइल्ड लाइन : 1098 , एम्बुलेंस सेवा : 108, स्वास्थ्य सेवा :102 ,साइबर क्राइम हेल्पलाइन

: 1930,प्रासंगिक विषयों पर मार्गदर्शन गुड टच - बैड टच की जानकारी।

घरेलू हिंसा व उससे संबंधित कानूनी प्रावधान। साइबर अपराधों के खतरों और उनसे बचाव के उपाय। शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभ।मिशन शक्ति केंद्रों की भूमिका छात्राओं को अवगत कराया गया कि जनपद के प्रत्येक थाने पर नवस्थापित मिशन शक्ति केंद्र कार्यरत हैं। इन केंद्रों पर महिलाओं को त्वरित सहायता, परामर्श, शिकायत निस्तारण एवं योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। विशेष सुरक्षा प्रबंध नवरात्रि के प्रथम दिवस पर स्कूल परिसर एवं उसके आस-पास के संवेदनशील स्थानों की पुलिस टीम द्वारा गहन जांच-पड़ताल की गई।

यह सुनिश्चित किया गया कि किसी भी मनचले द्वारा छात्राओं के साथ छेड़छाड़ अथवा अनुचित हरकत न की जा सके। पुलिस बल द्वारा नियमित गश्त और सतर्क निगरानी की व्यवस्था भी की गई है। मिशन शक्ति-5.0 केवल एक अभियान नहीं, बल्कि महिलाओं और बालिकाओं के आत्मसम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में एक व्यापक कदम है। ललितपुर पुलिस निरंतर प्रयासरत है कि जनपद की प्रत्येक बेटी भयमुक्त होकर शिक्षा प्राप्त करे और अपने सपनों को साकार कर सके। यह कार्यक्रम मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) की सार्थकता को प्रत्यक्ष रूप से दर्शाता है।

पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

ललितपुर। यातायात पुलिस ने मंगलवार को बिना हेलमेट दो पहिया वाहन पर तीन सवारी बिना नम्बर प्लेट, फांल्टी नम्बर प्लेट व सीट बेल्ट की जांच के लिए वाहन चेकिंग अभियान चलाया, जिसमें 208 वाहनों का चालान किया गया और 2 वाहनों को सीज किया गया। इसके साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों को जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के कुशल निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा नगर के प्रमुख चौराहों एवं तिराहों पर सघन चेकिंग अभियान संचालित किया गया। इस अभियान के अंतर्गत बिना हेलमेट वाहन संचालन, दोपहिया वाहन पर तीन सवारी, बिना सीट बेल्ट यात्रा एवं अन्य यातायात नियमों के उल्लंघनकर्ताओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की गई। साथ ही, आमजन को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया, जिसमें निम्न बिंदुओं पर विशेष बल दिया गया।दोपहिया वाहन चालक एवं पीछे बैठी सवारी हेतु हेलमेट का अनिवार्य प्रयोग। दोपहिया वाहन पर तीन सवारी से परहेज। निर्धारित गति सीमा में वाहन संचालन। नशे की स्थिति में वाहन न चलाना। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करना। चारपहिया वाहनों में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग ।मॉडिफाइड (बिना अनुमति के परिवर्तन किए गए) साइलेंसर का प्रयोग न करना। यातायात नियमों के उल्लंघन पर प्रभावी प्रवर्तन करते हुए मोटर वाहन अधिनियम की निर्धारित धाराओं के अंतर्गत कुल 208 वाहनों का चालान किया गया, वहीं गम्भीर प्रकृति के मामलों में 02 वाहनों को जब्त (सीज) किया गया।

एसपी ने किया सदर कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण

एसपी ने नवदुर्गा त्यौहार/पूजा के दृष्टिगत कोतवाली क्षेत्र में भम्रण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुश्ताक ने रविवार देर रात सदर कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण किया और पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा थाना कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कोतवाली परिसर, कार्यालय आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । कोतवाली कार्यालय/महिला हेल्प डेस्क के रजिस्टरों को चेक कर व्यवस्थित रखरखाव हेतु निर्देश दिये गये । मुकदमों से संबंधित मालो का विधिक निस्तारण एवं सही रखरखाव, शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया गया । थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व कोतवाली क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों/वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब/मादक पदार्थों/पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत व समयबद्ध निस्तारण

करने जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया । महिला सम्बन्धी अपराधों को रोकने के लिये सूचना पर त्वरित रूप से संज्ञान लेकर तत्काल अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही कर उनका निस्तारण करें तथा उपरोक्त प्रकरण की सूचना पर उच्चाधिकारियों को देने हेतु निर्देशित किया गया । महिलाओं की सुरक्षा हेतु एन्टीरोमियो स्कॉवड व महिला बीट आरक्षियों को प्रतिदिन कोतवाली क्षेत्र में भ्रमण हेतु आदेशित किया गया जिससे महिला सम्बंधी अपराध न हो पाए तथा शासन की जीरो टॉलरेंस नीति पर काम करें । पुलिस अधीक्षक द्वारा कोतवाली क्षेत्र में प्रमुख भीड़-भाड़ वाले चौराहों ,सराफा बाजार, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों आदि पेट्रोलिंग के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। यातायात नियमों का विशेष रूप से पालन कराना सुनिश्चित करें एवं चेकिंग के दौरान बिना हेल्मेट/शराब पीकर/फर्राटे भरने वाले आदि वाहन चालको की चेकिंग कर आवश्यक कार्यवाही के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

साइबर हेल्प डेस्क में तैनात अधि0/कर्म0गण को प्रतिदिन साइबर से सम्बन्धित पोर्टल जैसे प्रतिबिम्ब, सुदर्शन पोर्टल आदि का क्रियान्वयन करने व साइबर के अपराधों में त्वरित कार्यवाही करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

संक्षिप्त समाचार

लिंडसे ग्राहम की अपील- रूस से तेल खरीदने पर चीन पर प्रतिबंध लगाए अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी। रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने शुक्रवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से रूस से सस्ता तेल खरीदने के लिए चीन पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया। उनकी यह टिप्पणी यूरोपीय संघ (ईयू) की ओर से रूस के साथ व्यापार करने वाली चीनी ऊर्जा कंपनियों पर प्रतिबंधों की घोषणा के बाद आई है। ग्राहम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राष्ट्रपति ट्रंप का सस्ता तेल खरीदने पर भारत पर लगाया गया 25 प्रतिशत टैरिफ मुनाफा दे रहा है। अब अमेरिका को चीन और रूस पर भी टैरिफ और प्रतिबंध लगाने का समय आ गया है। इसी बीच, यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने घोषणा की है कि ईयू 2027 तक रूसी एलएनजी (गैस) का आयात पूरी तरह से बंद कर देगा।

कनाडाई सरकार ने आयरलैंड के रैप समूह नीकैप पर लगाया प्रतिबंध

टोरंटो, एजेंसी। कनाडाई सरकार ने शुक्रवार को आयरिश-भाषा के रैप समूह नीकैप पर देश में प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। सरकार का कहना है कि नीकैप ने राजनीतिक हिंसा और आतंकवाद का समर्थन किया है। सांसद विन्स गैस्परो ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो में कहा कि नीकैप ने आतंकी संगठनों हिजबुल्लाह और हमास के लिए समर्थन दिखाया है। यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं है। इसके जवाब में समूह ने इंस्टाग्राम पर आरोपों को पूरी तरह से गलत और दुर्भावनापूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि वे इस्राइल के जरिये किए जा रहे नरसंहार के विरोध में हैं, इसलिए उन्हें चुप कराने की कोशिश की जा रही है। नीकैप ने गैस्पारो के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू करने का फैसला किया है। गौरतलब है कि कोचेला फेस्टिवल में भी नीकैप ने इस्राइल पर नरसंहार का आरोप लगाया था।

हसीना की भतीजी के खिलाफ जाली दस्तावेज बना रहे अफसर

ढाका, एजेंसी। ब्रिटेन की सत्तारूढ़ लेबर पार्टी की सांसद और बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की भतीजी ट्यूलिप सिद्दीकी ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि बांग्लादेशी अफसर उनके विरुद्ध सियासी दुष्प्रचार के लिए जाली पहचान पत्र और दस्तावेज तैयार कर रहे हैं। ट्यूलिप ने कहा, ये अभियान पिछले एक साल से चलाया जा रहा है और फर्जी दस्तावेजों के जरिये उन्हें भ्रष्ट साबित करने की कोशिश की जा रही है। यह आरोप ब्रिटिश अखबार द टेलीग्राफ की ऑनलाइन रिपोर्ट में सामने आया। रिपोर्ट में दावा किया गया कि उपलब्ध दस्तावेजों के अनुसार ट्यूलिप के पास बांग्लादेशी पासपोर्ट और राष्ट्रीय पहचान पत्र (एनआईडी) उपलब्ध है जो उनके पहले दिए गए बयानों से मेल नहीं खाता।

हिजबुल्ला ने सऊदी अरब से इस्राइल के खिलाफ एक होने को कहा

रियाद, एजेंसी। आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह के महासचिव नईम कासिम ने सऊदी अरब से लेबनानी सशस्त्र समूह के साथ रिश्तों को फिर से बहाल करने और इस्राइल के खिलाफ एकजुट मोर्चा बनाने की अपील की है। यह अपील शुक्रवार को लेबनान के दक्षिण में इस्राइल के हमलों के तेज होने के बाद आई है। कासिम ने रियाद से हिजबुल्लाह के साथ एक नया अध्याय शुरू करने का आह्वान किया। कासिम ने चेतावनी दी कि हिजबुल्लाह पर दबाव बनाने से केवल इस्राइल को ही फायदा होगा। गौरतलब है कि सऊदी अरब और हिजबुल्लाह के बीच वर्षों से तनाव रहा है। 2016 में सऊदी अरब के नेतृत्व में गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल (जीसीसी) ने हिजबुल्लाह को आतंकी समूह घोषित किया था।

अफगानिस्तान में महीनों कैद रहने के बाद ब्रिटिश दंपती स्वदेश लौटे

लंदन, एजेंसी। अफगानिस्तान में सात महीने से अधिक समय तक कैद में रहने के बाद एक ब्रिटिश दंपती शनिवार को स्वदेश लौट आया। तालिबान ने शुक्रवार को 80 वर्षीय पीटर रेनॉल्ड्स और उनकी 76 वर्षीय पत्नी बार्बी रेनॉल्ड्स को रिहा किया था। हीथ्रो हवाई अड्डे पर पहुंचे दंपती को मुस्कुराते और स्वस्थ दिखाई देते हुए देखा गया। दोनों अफगानिस्तान के बामियान प्रांत में 18 वर्षों से रह रहे थे और वहां शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्था चला रहे थे। 2021 में तालिबान के सत्ता पर कब्जा करने के बाद भी उन्होंने वहीं रहने का फैसला किया था। फरवरी में बामियान लौटते समय उनकी गिरफ्तारी हुई और उन्हें लगभग आठ महीने तक अधिकतम सुरक्षा वाली जेल में रखा गया, जहां लंबे समय तक दोनों को अलग-अलग रखा गया। विश्लेषकों का मानना है कि कतर की मध्यस्थता से हुई यह रिहाई तालिबान की उस कोशिश का हिस्सा हो सकती है।

बगराम एयरबेस नहीं सौंपा तो अंजाम बुरा होगा, अफगानिस्तान को ट्रंप की चेतावनी

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को बगराम सैन्य अड्डे को अमेरिका को सौंपने से इनकार करने पर तालिबान को धमकी दी है। उन्होंने कहा कि अफ़ग़ानिस्तान को खराब बातें करने की धमकी दी। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर कहा, ÷अगर अफ़ग़ानिस्तान बगराम एयरबेस को इसे बनाने वालों, यानी अमेरिका को वापस नहीं करता, तो बहुत बुरा होने वाला है!!÷ दो दिन पहले भी डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि बगराम एयरबेस को छोड़ देना जो बाइडेन प्रशासन की बड़ी गलती थी और इसे सुधारा जाएगा। उन्होंने कहा था कि बगराम एयरबेस चीन के करीब है और अमेरिका के लिए बेहद जरूरी है इसलिए अमेरिकी फौज की अफगानिस्तान में वापसी होगी।

ट्रंप के इस बयान के बाद अफगानिस्तान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने युद्ध के बाद देश में बगराम एयरबेस पर पुनः कब्जा करने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हालिया बयान की आलोचना की और कहा कि हम अफगान अपने देश में विदेशी सैन्य उपस्थिति को कभी स्वीकार नहीं करेंगे। शुक्रवार को अफगानिस्तान के सरकारी रेडियो और टेलीविजन (आरटीए) ने इसकी जानकारी दी थी।

तालिबानी विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ राजनयिक जलाली के हवाले से कहा कि अपने पूरे इतिहास में अफगानों ने

कभी भी अपनी धरती पर विदेशी सैन्य की उपस्थिति को स्वीकार नहीं किया है। अफगानिस्तान और अमेरिका को द्विपक्षीय सम्मान एवं साझा हितों के मद्देनजर आर्थिक और राजनीतिक संबंधों पर सहयोग करने की जरूरत है।

बता दें कि काबुल से 50 किलोमीटर उत्तर बगराम एयरबेस पर अमेरिकी नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन बल 20 साल से यहां काबिज थे। इस एयरबेस ने अमेरिकी सैनिकों के लिए मुख्य सैन्य अड्डे के रूप में अगस्त 2021 तक कार्य किया। अगस्त 2021 में अमेरिकी सेना के हटने के बाद अफगानिस्तान की मौजूदा सरकार के पास अब इसका नियंत्रण है।

अमेरिका के सैन्य अधिकारियों का कहना है कि अगर बगराम एयरबेस पर दोबारा कब्जा किया जाता है तो इसके लिए करीब 10 हजार सैनिकों की जरूरत होगी। ट्रंप ने कहा था कि उनकी बगराम एयरबेस को लेकर अफगानिस्तान से बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा था कि अगर अफगानिस्तान नहीं मानता है तो वह अपने ढंग से रास्ता निकालेंगे।

बगराम एयरबेस की अहमियत : अफगानिस्तान में मौजूद बगराम एयरबेस दुनिया के सबसे बड़े सैन्य ठिकानों में से एक है। 2021 में अमेरिकी सेना की वापसी के बाद यह एयरबेस तालिबान के नियंत्रण में चला गया था। यह बेस चीन और अफगानिस्तान की सीमा के पास होने के कारण रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। लंदन दौरे पर ट्रंप ने कुछ दिन पहले कहा था कि उनकी योजना थी कि अमेरिका अफगानिस्तान से सम्मानजनक तरीके से सेना हटाएगा, लेकिन बगराम एयरबेस अपने पास रखेगा। उन्होंने कहा, हमने इसे तालिबान को मुफ्त में दे दिया। अब हम इसे वापस लेने की कोशिश कर रहे हैं।

अमेरिकी कांग्रेस का समर्थन और चीन का रुख : अफगान मीडिया के मुताबिक, कई अमेरिकी सांसद भी ट्रंप की इस मांग का समर्थन कर रहे हैं। उनका मानना है कि बगराम पर दोबारा अमेरिकी नियंत्रण होना अमेरिका की सुरक्षा और रणनीतिक हितों के लिए जरूरी है। वहीं चीन ने ट्रंप की धमकी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अफगानिस्तान की संप्रभुता और स्वतंत्रता का सम्मान किया जाना चाहिए। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा, अफगानिस्तान का भविष्य उसके लोगों के हाथ में होना चाहिए। किसी भी देश को क्षेत्र में तनाव बढ़ाने का काम नहीं करना चाहिए।

अफगानिस्तान का जवाब और रूस की चेतावनी : हालांकि तालिबान सरकार ने ट्रंप के बयान पर आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन कुछ समय पहले अफगान विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी ने स्पष्ट कहा था, अफगानिस्तान की जमीन का एक इंच भी किसी विदेशी सेना की मौजूदगी के लिए स्वीकार्य नहीं है। राष्ट्रपति ट्रंप और अन्य देशों तक यह संदेश पहुंचना चाहिए। वहीं रूस पहले ही चेतावनी दे चुका है कि अमेरिका अफगानिस्तान में फिर से सैन्य उपस्थिति स्थापित करने की कोशिश कर रहा है, जिससे क्षेत्रीय अस्थिरता बढ़ सकती है।

वॉशिंगटन अब सुरक्षित और खूबसूरत- ट्रंप : अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वॉशिंगटन डीसी में अपराध पर नियंत्रण के बाद हालात पूरी तरह बदल गए हैं। उन्होंने दावा किया कि शहर अब खूबसूरत और सुरक्षित हो गया है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, वॉशिंगटन अब पिछले साल जैसा नहीं रहा। न सड़क पर टेंट हैं, न गैंग, न खतरनाक अपराधी। सड़कें साफ-सुथरी और पार्क हरे-भरे हैं। शहर अब खूबसूरत और सुरक्षित है। यह अच्छे शासन का असर है।

नीदरलैंड में शरणार्थियों के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन, पुलिस ने आंसू गैस और वाटर कैनन छोड़ा, 30 गिरफ्तार

द हेग , एजेंसी। शनिवार को नीदरलैंड के द हेग में हजारों लोगों ने शनिवार को इमिग्रेशन पॉलिसी और बढ़ती शरणार्थियों की संख्या के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस और वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। स्थानीय सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि 30 लोगों को गिरफ्तार किया गया और दो पुलिसकर्मी घायल हुए। पुलिस ने और गिरफ्तारियां होने की संभावना जताई है। यह प्रदर्शन 29 अक्टूबर को होने वाले राष्ट्रीय चुनाव से ठीक एक महीने पहले हुआ।

इस साल नीदरलैंड में कुल 44,055 शरणार्थी और उनके परिवार के सदस्य आए। 2024 में, सीरिया से 44% शरणार्थी आए, जबकि इराक, तुर्की, इरिट्रिया, और यमन से लगभग 5% शरणार्थी आए। प्रदर्शनकारियों ने, जिनमें से कई डच झंडे और दक्षिणपंथी समूहों के झंडे लहरा रहे थे, पुलिस के साथ हिंसक झड़प की। उन्होंने पत्थर और बोतलें फेंकी। एक पुलिस गाड़ी को आग के हवाले कर दिया गया और कुछ प्रदर्शनकारियों ने प्रदर्शन स्थल के पास एक हाईवे को कुछ देर के लिए बंद कर दिया।

स्थानीय मीडिया के अनुसार, प्रदर्शनकारियों ने सेंटर-लेफ्ट डट पार्टी के मुख्यालय की कई खिड़कियां भी तोड़ दीं। डट के नेता रॉब जेटेन ने एक्स पर लिखा, ÷गुंडे। तुम राजनीतिक दलों पर हाथ नहीं डाल सकते। अगर तुम्हें लगता है कि तुम हमें डरा सकते हो, तो तुम गलत हो। हम कभी भी चरमपंथी दंगाइयों को हमारा देश छीनने नहीं देंगे।÷

अमेरिका के न्यू हैम्पशायर में गोलीबारी, 1 की मौत, हमलावर ने फ्री फिलिस्तीन के नारे लगाए

न्यू हैम्पशायर, एजेंसी। अमेरिका के न्यू हैम्पशायर में नैशुआ के स्काई मीडो कंट्री क्लब में शनिवार को एक हमलावर ने गोलीबारी की, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। संदिग्ध को में लिया गया। पुलिस ने कहा कि अब कोई खतरा नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि हमलावर का मकसद अभी साफ नहीं है। घायलों की स्थिति के बारे में तुरंत कोई जानकारी नहीं मिली। प्रत्यक्षदर्शी टॉम बार्टेलसन ने बताया कि उनके भतीजे की शादी के दौरान अचानक गोलीबारी शुरू हो गई। उन्होंने कहा कि हमलावर ने फ्री फिलिस्तीन के नारे लगाए, ऐसा लग रहा था कि वह किसी खास व्यक्ति को निशाना बना रहा था।

एक अन्य व्यक्ति, एमिली अर्नस्ट ने बताया कि उन्होंने एक काले कपड़े पहने और मास्क लगाए बंदूकधारी को देखा, जिसके बाद वे अपनी जान बचाने के लिए भागे। नैशुआ के मेयर जिम डोनचेस ने कहा कि पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और दोषी को सजा दिलाएगी। उन्होंने कहा कि यह घटना हर समुदाय के लिए एक चेतावनी है कि ऐसी घटनाएं कहीं भी हो सकती हैं। नैशुआ, बोस्टन से लगभग 70 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में, मैसाचुसेट्स सीमा के पास स्थित है।

ट्रंप के फैसले पर यूएस चैंबर ऑफ कॉमर्स ने जताई चिंता, कहा- सभी पहलुओं को समझने की कर रहे कोशिश

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी चैंबर ऑफ कॉमर्स ने एच-1बी वीजा को लेकर डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के नए नियमों पर चिंता जताई है। व्यापार संगठन ने कहा कि कर्मचारियों, उनके परिवारों और कंपनियों पर इस कदम का असर पड़ेगा। उसने बताया कि वह ट्रंप प्रशासन और अपने सदस्यों के साथ मिलकर इस फैसले के सभी पहलुओं को समझने की कोशिश कर रहा है और आगे का रास्ता तय करने पर विचार कर रहा है।

दरअसल, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत एच-1बी वीजा आवेदन करने के लिए कंपनियों को एक लाख अमेरिकी डॉलर का शुल्क (फीस) देना होगा। यह नियम एच-1बी के लिए नए आवेदन पर लागू होगा। यानी पहले से दायर आवेदन नहीं

लागू होगा। अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) ने स्पष्ट किया कि यह नया शुल्क केवल उन आवेदनों पर लागू होगा, जो 21 सितंबर के बाद किए जाएंगे। जिन लोगों के आवेदन पहले ही आ चुके हैं या जिनके वीजा पहले से मंजूर हैं, उन पर कोई असर नहीं होगा। यूएससीआईएस के निदेशक जोसेफ बी. एडलो ने एक ज्ञापन में यह जानकारी दी। व्हाइट हाउस ने की एच-1बी वीजा आवेदन पर नया शुल्क लगाने की पुष्टि व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलीन लेविट ने इसकी पुष्टि की और बताया कि यह शुल्क एक बार के लिए है, कोई वार्षिक शुल्क नहीं है। उन्होंने कहा कि यह नियम केवल नए वीजा आवेदनों पर लागू होगा, न की नवीकरण या पहले से जारी वीजा पर। उन्होंने यह भी बताया कि जो एच-1बी वीजा धारक अभी अमेरिका से बाहर हैं, उनसे यह शुल्क नहीं लिया जाएगा। ऐसे लोग पहले की तरह अमेरिका में आ-जा सकते हैं, उनके आने-जाने पर कोई नई रोक नहीं लगाई गई है। यह नियम अगले वीजा लॉटरी चक्र से लागू किया जाएगा। भारतीय आईटी पेशेवर होंगे सबसे अधिक प्रभावित इन नए नियम ने भारत के लिए चिंता पैदा कर दी है, क्योंकि 71-72 फीसदी एच-1बी वीजा भारतीयों को ही दिए जाते हैं। इस वजह से भारतीय तकनीकी पेशेवरों और अमेरिका से भारत आने वाले पैसे (रेमिटेंस) पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। भारत सरकार ने सभी दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों को दिया निर्देश भारत सरकार ने अपने सभी दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों को निर्देश दिया है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा में ट्रंप-जेलेंस्की की होगी मुलाकात, रूस और कड़े प्रतिबंधों की करेंगे मांग

वॉशिंगटन, एजेंसी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की अगले हफ्ते न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की बैठक के दौरान अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। इसका मकसद रूस के खिलाफ और अधिक सख्त प्रतिबंध लगाने के लिए अमेरिका पर दबाव बनाना है। अल जजीरा की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। जेलेंस्की ने यह घोषणा शनिवार को ऐसे समय में की, जब रूस ने यूक्रेन पर हमले तेज कर दिए हैं। यूरोप के पूर्वी हिस्से में भी इस युद्ध के फैलने की आशंका को लेकर बढ़ गई है। उन्होंने एक्स पर लिखा, अब हम अमेरिका से (रूस के खिलाफ) और अभी सख्त प्रतिबंधों की उम्मीद कर रहे हैं। यूरोप अपनी भूमिका निभा रहा है।

दबाव के आगे नहीं झुक रहा रूस : अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप पहले संकेत दे चुके हैं कि वह रूस पर बड़े प्रतिबंध लगाने को तैयार हैं। लेकिन उन्होंने शर्त रखी है कि उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सहयोगी देश मिलकर रूस से तेल खरीब बंद करने पर सहमत हों। ट्रंप युद्धविराम की कोशिशें कर रहे हैं, लेकिन रूस अब तक ऐसे दबावों के आगे नहीं झुका है।

दीर्घकालिक सुरक्षा गारंटी मांग सकते हैं जेलेंस्की : जेलेंस्की इस बैठक में यह मुद्दा भी उठाएंगे कि युद्धविराम के बाद यूक्रेन को भविष्य में रूसी हमलों कैसे सुरक्षित रखा जाए। वह अमेरिका से दीर्घकालिक सुरक्षा गारंटी की मांग कर सकते हैं। उधर, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने चेतावनी दी है कि वह यूक्रेन में किसी भी पश्चिमी सेना की तैनाती को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

रूस ने हाल में किया बड़ा हमला : अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, रूस ने हाल ही में रात के समय सबसे बड़ा हमला किया, जिसमें चालीस मिसाइलें और करीब 580 ड्रोन छोड़े गए। इस हमले में तीन लोगों की मौत हुई और दर्जनों लोग घायल हुए। नाटो सहयोगियों ने रूस की आक्रामकता को देखते हुए यूरोप की पूर्वी सीमाओं पर अपनी सुरक्षा को मजबूत किया है। पोलैंड की सेना ने शनिवार को बताया कि रूसी हमलों के बाद पोलिश और सहयोगी देशों के लड़ाकू विमान रोकथाम अभियान के तहत उड़ान भर चुके हैं।

ब्रिटेन के लड़ाकू विमानों ने की पोलैंड में गश्त : इसी बीच, ब्रिटेन ने भी पुष्टि की है कि उसके लड़ाकू विमानों ने नाटो मिशन ईस्टर्न सेंट्री के तहत पहली बार पोलैंड के वायु क्षेत्र में गश्त की है, ताकि रूसी हवाई हमलों के खतरों से सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। तनाव उस समय और बढ़ गया, जब शुक्रवार को तीन रूसी लड़ाकू विमान कथित तौर पर एस्टोनिया की हवाई सीमा में घुस गए। रूस के रक्षा मंत्रालय ने इस घटना से इनकार किया है। हालांकि एस्टोनिया के अधिकारियों ने कहा कि यह घुसपैठ 12 मिनट तक रही और रडार व विजुअल निगरानी दोनों से प्रमाणित हुई है।

एक दशक बाद नाजुक मोड़ पर देश का संविधान, आंदोलनकारियों की मांगें पूरी करना अंतरिम सरकार के लिए चुनौती

काठमांडो, एजेंसी। नेपाल में पिछले सप्ताह केवल सरकार ही नहीं, देश का संविधान भी बदला। तत्कालीन केपी शर्मा ओली सरकार के विरुद्ध जेन-जी के आंदोलन के दबाव में अंतरिम सरकार के गठन के लिए सांविधानिक प्रावधानों से अलग मार्ग अपनाना पड़ा। अंतरिम सरकार के सामने आंदोलनकारियों ने जो मांगे रखी हैं, उन्हें पूरा करना सरकार के लिए कम चुनौतीपूर्ण नहीं है और इसके लिए उसे संविधान में संशोधन करना पड़ेगा। ऐसे में एक दशक पहले लागू हुआ संविधान एक नाजुक मोड़ पर आ गया है। हालांकि, ऐसा नहीं है कि अंतरिम सरकार के सामने संविधान में संशोधन का सवाल एकदम उठा हो। गत वर्ष जुलाई में जब नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी और नेपाली कांग्रेस की गठबंधन सरकार बनी थी तो उनके बीच प्रमुख समझौतों में संविधान संशोधन भी शामिल था। लेकिन एक साल से अधिक समय तक सत्ता में रहने के बाद भी वे कुछ नहीं कर पाए। वर्तमान संविधान 16 सितंबर, 2015 को अपनाया गया था।

अराजकता से बचाने के लिए उठाया कदम : ओली शासन के विरुद्ध युवाओं के विद्रोह से पैदा हालात में राष्ट्रपति पौडेल को देश को अराजकता से बचाने को संविधानेत्तर रास्ते के तहत पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को पीएम बनाना पड़ा है। पहला कार्की सांसद नहीं हैं और दूसरा वह पूर्व न्यायाधीश हैं।

संविधान संशोधन नहीं थी मांग : सोशल मीडिया पर प्रतिबंध से शुरू हुआ जेन-जी का विरोध प्रदर्शन मुख्य रूप से सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार, कुशासन और सत्ता में बैठे लोगों में जवाबदेही की कमी पर केंद्रित था। बाद में ओली सरकार को हटाना उनकी प्रमुख मांग बन गई। लेकिन संविधान में संशोधन उनकी कभी मांग नहीं रही।

राष्ट्रपति ने किया अपने अधिकारों का प्रयोग : राष्ट्रपति पौडेल ने संविधान के अनुच्छेद 61 (4) के तहत अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए कार्की को अंतरिम पीएम बनाया। इस तरह यह प्रक्रिया संविधान के दायरे में थी। इसके मुताबिक, राष्ट्रपति का मुख्य कर्तव्य संविधान का पालन-रक्षा करना होगा। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर कार्की सरकार दायरे में रहकर काम की तो संविधान बचाया जा सकता है।

रूस ने यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर हमला किया, तीन लोगों की मौत, कई अन्य घायल

कीव, एजेंसी। रूस ने शनिवार तड़के यूक्रेन के विभिन्न क्षेत्रों को निशाना बनाकर बड़े पैमाने पर मिसाइल और ड्रोन हमला किया, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यूक्रेनी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि हमले निप्रॉपेट्रोस, मायकोलाइव, चेर्निहाइव, जापोरिजिया, पोल्टावा, कीव, ओडेसा, सुमी और खार्किव सहित नौ क्षेत्रों में हुए। उन्होंने कहा कि दुश्मन का लक्ष्य हमारा बुनियादी ढांचा, आवासीय क्षेत्र और गैर सरकारी प्रतिष्ठान थे। उन्होंने कहा कि क्लस्टर हथियारों से लैस एक मिसाइल ने द्निप्रो शहर में एक बहुमंजिला इमारत पर हमला किया।

जेलेंस्की ने अपने आधिकारिक टेलीग्राम पर एक बयान में कहा कि ऐसा प्रत्येक हमला सैन्य आवश्यकता नहीं है, बल्कि नागरिकों को डराने और हमारे

बुनियादी ढांचे को नष्ट करने के लिए रूस की सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है। जेलेंस्की ने कहा कि उन्हें अगले हफ्ते संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात होने की उम्मीद है। उन्होंने यह भी कहा कि यूक्रेन और अमेरिका की प्रथम महिलाओं (राष्ट्रपति की पत्नी) के बीच, बच्चों से जुड़े मानवीय मुद्दों पर अलग-अलग बातचीत होने की संभावना है। स्थानीय गवर्नर सेरही लिसाक ने बताया कि यूक्रेन के मध्य द्निप्रोपेट्रोव्स्क क्षेत्र में हुए हमले में कम से कम 30 लोग घायल हुए हैं। पूर्वी शहर द्निप्रो में कई ऊंची इमारतें और मकान क्षतिग्रस्त हो गए। कीव क्षेत्र में स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि बुचा, बोरिसपिल और ओबुखिव इलाकों में हमले हुए। एक मकान और कारें क्षतिग्रस्त हो गईं। पश्चिमी ल्वीव क्षेत्र में गवर्नर मैक्सिम कोजित्स्की ने बताया कि दो क्रूज मिसाइलें मार गिराई गईं। यूक्रेन की वायुसेना ने एक बयान में कहा कि रूस ने 619 ड्रोन और मिसाइलें दागीं। कुल मिलाकर 579 ड्रोन, आठ बैलिस्टिक मिसाइलें और 32 क्रूज मिसाइलों का पता लगाया गया। यूक्रेनी सेना ने 552 ड्रोन, दो बैलिस्टिक मिसाइलें और 29 क्रूज मिसाइलें मार गिराईं और उन्हें निष्क्रिय कर दिया। रूस ने एस्टोनिया के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने से इनकार किया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने इस बात से इनकार किया है कि उसके विमानों ने एस्टोनिया के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया, जबकि एस्टोनिया सरकार ने बताया कि शुक्रवार को तीन लड़ाकू विमान बिना अनुमति के उसके क्षेत्र में घुस आए और 12 मिनट तक आसमान में मंडराते रहे। शनिवार को प्रकाशित एक ऑनलाइन बयान में मास्को ने जोर देकर कहा कि उसके लड़ाकू जेट विमान फिनलैंड की खाड़ी में एस्टोनिया के वैन्डलू द्वीप से तीन किलोमीटर से अधिक दूरी पर बाल्टिक सागर के निकट बने हुए हैं। पोलिश और लिथुआनियाई क्षेत्र के बीच स्थित रूसी क्षेत्र का हवाला देते हुए, इसमें कहा गया कि 19 सितंबर को तीन मिग-31 लड़ाकू विमानों ने करेलिया से कैलिनिनग्राद क्षेत्र के एक हवाई अड्डे तक अपनी निर्धारित उड़ान पूरी की। एस्टोनिया, पोलैंड और लिथुआनिया नाटो के सदस्य हैं। निगरानी अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दिए बिना बयान में कहा गया कि उड़ान अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र के नियमों का कड़ाई से पालन करते हुए संचालित की गई थी और इसमें अन्य राज्यों की सीमाओं का उल्लंघन नहीं किया गया था, जैसा कि वस्तुनिष्ठ निगरानी के माध्यम से पुष्टि की गई है। शुक्रवार को एस्टोनियाई अधिकारियों ने कहा कि (एस्टोनिया) सरकार ने विरोध जताने के लिए एक रूसी राजनयिक को तलब किया, और नाटो के अनुच्छेद 4 के तहत सहयोगियों के बीच परामर्श शुरू करने का प्रस्ताव भी रखा है।

एशिया कप सुपर फोर में आज होगा श्रीलंका और पाकिस्तान का मुकाबला

अबुधाबी (एजेंसी)। श्रीलंका और पाकिस्तान की टीम मंगलवार को सुपर 4 चरण में आमने-सामने होगी। दोनो ही टीमें सुपर फोर के अपने पहले की मैच में हार गयीं थी। ऐसे में दोनो का लक्ष्य इस मैच को जीतकर फाइनल की दौड़ में बने रहना होगा। गत विजेता श्रीलंकाई टीम ग्रुप चरण में एक भी मैच नहीं हारी थी पर सुपर फोर में उसे बांग्लादेश से एक रोमांचक मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। इससे टी20 एशिया कप में उसके आठ मैचों के विजय अभियान को झटका लगा जिससे अब वह उबरना चाहेगी हालांकि इस मैच में वह जीत की प्रबल दावोदार मानी जा रही है क्योंकि पाक टीम का प्रदर्शन अब तक काफी खराब रहा है।

पाक टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। उसे लीग स्तर के बाद सुपर फोर में भी भारतीय टीम ने आसानी से हरा दिया। ये दोनो ही मुकाबले एकतरफा रहे और पाक बल्लेबाज व गेंदबाज कोई भी प्रभाव नहीं छोड़ पाये। इससे वह अंक तालिका में अंतिम स्थान पर है। अभी सुपर फोर में भारत और बांग्लादेश के दो अंक है पर बेहतर रनरेट के आधार पर भारतीय टीम पहले और बांग्लादेश दूसरे, श्रीलंका तीसरे व पाक चौथे नंबर पर है।

अब पाक टीम को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए श्रीलंका के खिलाफ बड़ी जीत हासिल करनी होगी। पाकिस्तानी टीम को अब हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी। हालांकि ये उसके लिए आसान नहीं होगा क्योंकि उसके बल्लेबाज और गेंदबाज अब तक असफल रहे हैं। गेंदबाजी की बात करें तो उसके लेग स्पिनर अबरार अहमद केवल ओमान और यूएई जैसी टीमों के खिलाफ ही सफल रहे और भारतीय बल्लेबाजों ने उन्हें जमकर पीटा।

दूसरी ओर श्रीलंका की बात करें तो उसका मध्यक्रम कमजोर है। दासुन शनाका ने

बांग्लादेश के खिलाफ पांचवें नंबर पर अच्छी बल्लेबाजी की परन्तु ग्रुप चरण में लगातार दो अर्धशतक लगाने वाले पाथुम निसांका लय हासिल नहीं कर पाये हैं हालांकि कुसल मेंडिस और कामिल मिशारा अच्छे फॉर्म में है और टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचा सकते हैं। गेंदबाजी में उसके तेज गेंदबाज नुवान तुषारा ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है और उनका सामना करना पाक बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं होगा। इसके अलावा रहस्यमयी स्पिनर वानिंदु हसरंगा भी पाक बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने का प्रयास करेंगे। हसरंगा ने अब तक इस टूर्नामेंट में छह विकेट लिए हैं।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

पाकिस्तान = सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमां, हारिस रऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, सलमान मिर्जा, शाहीन शाह अफरीदी, सुफयान मोकिम।

श्रीलंका = चरित असलंका (कप्तान), पाथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, नुवानिदु फर्नांडो, कामिंडु मेंडिस, कामिल मिशारा, दासुन शनाका, जेनिथ लियानगे, चमिका करुणारत्ने, डुनिथ वेलालेज, वानिंदु हसरंगा, महीश थीक्षाना, दुष्मंथा चमीरा, बिनुरा फर्नांडो, नुवान तुषारा, मथीशा पथिराना।

23 और 24 सितंबर को वेस्ट इंडीज के खिलाफ सीरीज के लिए भारतीय टीम का चयन करेगी बीसीसीआई : सैकिया

मुम्बई (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव देवजीत सैकिया ने कहा है कि वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम का चयन 23 या 23 सितंबर को किया जाएगा। इसी के साथ ही भारतीय टीम का घरेलू सत्र शुरु होगा। पहला टेस्ट 2 अक्टूबर से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 के तहत ये भारतीय टीम की पहली घरेलू सीरीज होगी। भारतीय टीम ने 2025-27 चक्र की शुरुआत शुभमन गिल की कप्तानी में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से की थी जो 2-2 से बराबरी पर रही थी। सैकिया ने कहा कि वेस्टइंडीज सीरीज के लिए ऑनलाइन बैठक में टीम पर फैसला होगा।

सैकिया ने कहा, वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का चयन 23 या 24 सितंबर को होगा। चयन बैठक ऑनलाइन होगी। भारत और वेस्टइंडीज की टीम के बीच दूसरा टेस्ट मैच 10 अक्टूबर से 14 अक्टूबर के बीच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं ये सीरीज न चेज की कप्तानी वाली वेस्टइंडीज टीम के लिए भी नए आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र में जून-जुलाई 2025 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज के बाद दूसरी सीरीज है। इस सीरीज के लिए वेस्टइंडीज ने बाएं हाथ के स्पिनर खैरी पियरे को पहली बार टीम में शामिल किया है। टीम में तेगनारायण चंद्रपॉल और एलिक अथानाजे को भी जगह मिली है।

क्विंटन डि कॉक ने संन्यास से वापसी का फैसला लिया, इस एशियाई टीम के खिलाफ खेलेंगे पहला मैच

केप टाउन (एजेंसी)। दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक ने एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास लेने का अपना फैसले वापस ले लिया है और चयनकर्ताओं उन्हें पाकिस्तान दौरे के लिए एकदिवसीय और टी-20 टीमों में शामिल किया गया है। इसके साथ ही वह नामीबिया के साथ एकमात्र टी20 मैच भी खेलेंगे।

डी कॉक ने 2023 के एकदिवसीय विश्व कप के बाद 50 ओवर के क्रिकेट से संन्यास ले लिया था,और दक्षिण अफ्रीका के लिए उनका आखिरी सीमित ओवरों का मैच बारबाडोस में 2024 का टी-20 विश्व कप फाइनल था। हालांकि उन्होंने आधिकारिक तौर पर टी-20 से संन्यास नहीं लिया। इस बीच वह हाल ही में समाप्त हुई सीपीएल सहित दुनिया भर की टी-20 लीगों में सक्रिय रहे हैं।

वर्तमान मुख्य कोच शुकरी कॉनराड ने डी कॉक के साथ चर्चा की है और कहा है कि उन्होंने फिर से राष्ट्रीय टीम के लिए प्रतिबद्धता जताई है। कॉनराड ने कहा, 'क्विंटन की सफेद गेंद वाली टीम में वापसी हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। जब हमने पिछले महीने उनके भविष्य के बारे में बात की थी, तो यह स्पष्ट था कि उनमें अभी भी अपने देश का प्रतिनिधित्व करने की तीव्र महत्वाकांक्षा है। हर कोई जानता है कि वह टीम में क्या गुण लाते हैं और उनकी वापसी से टीम को ही फायदा होगा।' अपने एकदिवसीय संन्यास के समय डी कॉक ने संकेत दिया था कि 2027 में दक्षिण अफ्रीका के घरेलू विश्व कप को देखते हुए, उन्हें वापसी के लिए मना लिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस समय मुझे ऐसा होता नहीं दिख रहा है। लेकिन आप कभी नहीं जानते। जिंदगी में अजीबोगरीब चीजे होती हैं। यह एक संभावना हो सकती है, लेकिन मुझे नहीं लगता।

पाक बल्लेबाज फरहान ने बंदूक की तरह बल्ले को लहराया , भारतीय प्रशंसक भड़के

दुबई (एजेंसी)। एशिया कप के सुपर फोर मैच में भी पाकिस्तान को भारतीय क्रिकेट टीम के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में पाक बल्लेबाज फरहान ने अर्धशतक पूरा करने के बाद उसे बंदूक की तरफ लहराया जिससे विवाद को गया। इसका एक विडियो भी आया है, इससे पता चलता है कि पाक टीम की सोच कैसी है। पाक में बंदूके मिलना आसान है और देश भर में आतंकी खुलेआम घूमते रहते हैं। यही कारण है कि खेल में भी बंदूक के अंदाज में खिलाड़ी जश्न मना रहे हैं। बहरहाल फरहान की इस शर्मनाक हरकत की प्रशंसकों ने कड़ी आलोचना की है। जैसे ही फरहान का जश्न का अंदाज सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। उनकी आलोचना शुरु हो गयी। लोगों के अनुसार फरहान ने इस प्रकार का जश्न मना कर

भारतीय टीम और प्रशंसकों को चिढ़ाया है।

फरहान के ऐसे आक्रामक जश्न से साफ है कि पाक में लोगों को लोगों को आतंकवाद ही पाठ पढ़ाया जाता है।

पाक ने खेल के मैदान में भी नफरत और दुश्मनी का माहौल बना दिया है। फरहान का बल्ला जब बंदूक की तरह लहराया, तो सभी ने साफ देख लिया कि पाक खिलाड़ी भी आतंकी मानसिकता से भरे हैं, जो उनके यहां आम बात है। खेल के मैदान में पिटने के बाद भी वह आतंकी चेहरा दिखाने से बाज नहीं आते। यही कारण है कि फरहान ने बल्ले बो बंदूक की तरह लहराया।

ये तब होता है देश मे आतंकवाद का माहौल और संस्कृति हो। इसी कारण आतंकियों को पनाह देने वाले पाक खिलाड़ी भी खेल के मैदान में आतंकी सोच का प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे खेल में पाक लगातार पीछे जा रहा है। वहीं इससे पहले भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने लीग मैच में मिली जीत सेना और पहलगाम हादसे में जान गंवाने वाले लोगों को समर्पित की थी। भारतीय टीम ने पहले मैच की तरह ही सुपर फोर के मुकाबले में भी पाक खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया और न ही उनसे किसी भी प्रकार का संपर्क किया।

बांग्लादेश की टीम अब भारत के खिलाफ खेलने के लिए तैयार

दुबई । बांग्लादेश की टीम एशिया कप 2025 के सुपर-4 मुकाबले में श्रीलंका के खिलाफ मिली जीत से उत्साहित है । श्रीलंका के खिलाफ मैच विजेता पारी खेलने वाले युवा सलामी बल्लेबाज सैफ हसन का कहना है कि अब उनका ध्यान भारत के खिलाफ 24 सितंबर को होने वाले मैच पर रहेगा । इसके बाद उसे 25 सितंबर को सितंबर को पाकिस्तान से खेलना है । बांग्लादेश ने श्रीलंका को एक गेंद शेष रहते चार विकेट से हराया जिसके बाद से ही टीम का मनोबल बढ़ा हुआ है । सैफ के अनुसार उनकी टीम को फाइनल में पहुंचने का भरोसा है । साथ ही कहा कि टीम यूएई यह मानकर ही पहुंची थी । सैफ ने कहा, हां, बिल्कुल, हमें फाइनल में पहुंचने का पूरा भरोसा है, यहां आने से पहले, सभी को भरोसा था कि हम फाइनल खेलेंगे । अब हम एक कदम आगे हैं और अभी हमारे लिए दो मैच और बाकी हैं, और हमारा अगला ध्यान सिर्फ अगले मैच पर है ।

हरभजन ने पश्चिम बंगाल के खेल मंत्री के साथ दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन किया

कोलकाता । पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह ने कोलकाता में एक दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन किया है। हरभजन ने पश्चिम बंगाल के खेल मंत्री अरूप विश्वास के साथ मिलकर अशोक नगर इलाके के एक दुर्गा उत्सव पूजा पंडाल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर हरभजन ने मां दुर्गा के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए कोलकाता के लोगों के प्यार एवं सम्मान के लिए आभार जताया। उद्घाटन समारोह हरभजन ने कहा, सबसे

पहले मैं मां दुर्गा का प्रणाम करते हुए जिन्होंने मुझे यहां तक पहुंचाया। खेल मंत्री अरूप विश्वास के इस प्रकार सम्मान देने के लिए मैं उनका धन्यवाद देता हूं। मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानता हूं कि मैं यहां आया। कोलकाता में मुझे हमेशा बहुत प्यार मिलता है। मैं यही कामना करता हूं कि मां दुर्गा सब पर अपनी कृपा बनाए रखें और सभी खुश रहें। हरभजन ने दुर्गा पूजा के महत्व को लेकर कहा, दुर्गा पूजा एक ऐसा उत्सव है, जिसका हम सभी को बेसब्री से इंतजार रहता है। मां दुर्गा की पूजा हर जगह होती है पर कोलकाता में इसे एक भव्य त्योहार के रूप में मनाया जाता है। यह मां का आशीर्वाद है कि मैं आज यहां मौजूद हूं। हरभजन सिंह ने दादा के नाम से लोकप्रिय पूर्व कप्तान सौरव गांगुली के बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल होने पर कहा, गांगुली मेरे लिए बड़े भाई जैसे हैं। जीवन में एक ऐसा व्यक्ति होता है, जो कठिन वक्त में आपका साथ देता है और आपके हाथ को थामता है। मेरे लिए दादा वही व्यक्ति हैं। मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं और उनकी जीत की कामना करता हूं।

शोएब अख्तर ने पाक टीम को जमकर फटकार लगायी, 200 रन बनाते तो भी हारते

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने एशिया कप में भारतीय टीम के हाथों मिली करारी हार पर पाक टीम को जमकर फटकार लगायी है। अख्तर ने कहा कि पाक टीम अगर 200 रन भी बना लेती तो भी हारती। अख्तर ने सुपर 4 में भारतीय टीम के हाथों पाकिस्तान की छह विकेट से करारी पर कहा कि जिस प्रकार से गेंदबाजी करारी गयी उससे तो हारना तय था। इस मैच में पाक टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए साहिबजादा फरहान के अर्धशतक की सहायता से पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 171 रन बनाए थे। इस लक्ष्य को भारतीय टीम ने 19 वें ओवर में ही चार विकेट खोकर हासिल कर लिया।

पाक टीम को लगा था कि 171 रन काफी हैं पर भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाजों अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल ने आक्रामक बल्लेबाजी कर मैच उनके हाथ से छीन लिया। इन दोनो की 105 रन की शुरुआती साझेदारी से भारतीय टीम ने 18.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। अख्तर ने कहा अगर इस टीम के पास 200 रन होते तो उसको भी उसके गेंदबाज उसका बचाव नहीं कर पाते। डिफेंड नहीं कर पाते. अख्तर ने मैच के बाद एक टीम को आड़े हाथों लिया और कहा, 'अगर फहीम से ही गेंदबाजी करानी थी तो नई गेंद से कराना चाहिये था। सैम अयूब की जगह उनको बुलाते तो शायद लाभ मिलता। अबरार मुख्य गेंदबाज था पर उससे पहले पार्ट टाइम गेंदबाज अयूब आ रहा है। साथ ही कहा कि आपकी गेंदबाजी लाइन अप बेहद खराब थी।

भारत ने 24 घंटे के अंदर पाकिस्तान को दूसरी बार हराया, दर्ज की शानदार जीत

स्पोर्ट्स डेस्क । भारत और पाकिस्तान की खेलों की दुनिया में प्रतिद्वंदिता किसी से छुपी नहीं है। चाहे क्रिकेट का मैदान हो या फुटबॉल का। एक तरफ दुबई में एशिया कप 2025 के सुपर-4 मुकाबले में भारतीय क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान को 6 विकेट से हराया, तो दूसरी तरफ श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में साउथ एशियन फुटबॉल फेडरेशन (स्नैफ) अंडर-17 चैंपियनशिप में भारतीय युवा फुटबॉलरों ने पाकिस्तान पर 3-2 से जीत दर्ज की। इन दोनों जीत ने साबित कर दिया कि भारत हर मैदान पर पाकिस्तान पर भारी पड़ रहा है।

सोमवार 22 सितंबर को कोलंबो में खेले गए SAFF अंडर-17 चैंपियनशिप के ग्रुप बी मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 3-2 से हराकर अपने ग्रुप में पहला स्थान हासिल किया। मैच की शुरुआत से ही भारतीय टीम ने आक्रामक रवैया दिखाया। 31वें मिनट में डलालमुओं गंगटे ने गोल दागकर टीम इंडिया

को 1-0 की बढ़त दिलाई। हालांकि पाकिस्तान ने 43वें मिनट में पेनल्टी पर गोल करके स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया।

दूसरे हाफ में भारत ने एक बार फिर बढ़त बनाई। 63वें मिनट में गुनलीबा वांगखेराकपम ने शानदार गोल किया और स्कोर 2-1 कर दिया। लेकिन पाकिस्तान ने हार मानने के बजाय फिर वापसी की और 70वें मिनट में हमजा यासिर ने गोल करके स्कोर 2-2 कर दिया। पाकिस्तान की यह खुशी ज्यादा देर तक कायम नहीं रही। केवल 3 मिनट बाद ही 73वें मिनट में रेहान अहमद ने भारत के लिए तीसरा गोल दाग दिया और टीम को 3-2 की बढ़त दिला दी। इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों ने बेहतरीन डिफेंस खेलते हुए पाकिस्तान को बराबरी का मौका नहीं दिया।

पूरे 90 मिनट के खेल के बाद भारतीय टीम विजेता बनी और तीनों ग्रुप मैच जीतकर शीर्ष पर रही। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है जहां उसका सामना नेपाल से होगा। वहीं पाकिस्तान की टीम हार के बावजूद सेमीफाइनल में पहुंच गई है और उसका मुकाबला बांग्लादेश से होगा।

भारत की यह जीत खास इसलिए भी है क्योंकि SAFF अंडर-17 चैंपियनशिप में उसका प्रदर्शन ऐतिहासिक रहा है। टीम इंडिया अब तक सबसे ज्यादा 6 बार यह खिताब जीत चुकी है और मौजूदा चैंपियन भी है। पाकिस्तान जहां केवल एक बार ही चैंपियन बना है, वहीं भारत अब 7वीं बार खिताब जीतने की दहलीज पर खड़ा है।

राशिद ने सलमान की कप्तानी पर सवाल उठाये

लाहौर । पाकिस्तान की टीम के पूर्व कप्तान राशिद लतीफ ने सुपर फोर में भारतीय टीम के खिलाफ मिली हार के के बाद कप्तान सलमान अली आगा की जमकर आलोचना करते हुए उनकी कप्तानी पर ही सवाल उठा दिये । पाक टीम को लीग मैच में सात जबकि सुपर फोर में छह विकेट से हार मिली है । एशिया कप 2025 में ये पाकिस्तान की लगातार दूसरी हार है । पाक को पिछले सात मैचों में भारतीय टीम के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है । लतीफ ने कहा है कि इस मैच में हमारी बल्लेबाजी लचर थी । टीम बीच के ओवरों में 37 गेंदों तक एक भी चौका तक नहीं लगा पायी । लतीफ ने कहा, पाकिस्तान शुरुआत में अच्छी बल्लेबाजी कर रहा था पर अचानक से स्थिति खराब कैसे हो गई? उसने आक्रामक होने के प्रयास किये बिना ही हार मान ली । टीम ने बीच के ओवरों में आक्रमण करने की कोशिश क्यों नहीं की, ये समझ से परे है । सैम अयूब के आउट होने तक मैच पाक के हाथ में था पर चौथे नंबर पर उतरे हुसैन तलत ने साहिबजादा फरहान के साथ 17 गेंदों में केवल 17 रन की बनाये जिससे मैच में टीम पिछड़ गयी ।

जोहोर कप : भारतीय जूनियर टीम की कप्तानी करेंगे रोहित

नयी दिल्ली । डिफेंडर रोहित मलेशिया में हो रहे सुल्तान जोहोर कप टूर्नामेंट में भारत की कप्तानी करेंगे और उनका लक्ष्य पिछली बार के कांस्य पदक से बेहतर प्रदर्शन करना होगा। टूर्नामेंट 11 अक्टूबर से शुरू होकर 18 अक्टूबर को खत्म होगा और यह 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में होने वाले जूनियर विश्व कप की तैयारी के लिए अहम होगा। भारत को 11 अक्टूबर को ब्रिटेन से खेलना है जबकि 12 अक्टूबर को सामना न्यूजीलैंड से होगा। भारत और पाकिस्तान का सामना 14 अक्टूबर को होगा जबकि आस्ट्रेलिया से 15 अक्टूबर को मैच है। राउंड रॉबिन चरण में आखिरी मैच 17 अक्टूबर को मलेशिया से खेलना है। राउंड रॉबिन चरण से शीर्ष दो टीमें 18 अक्टूबर को फाइनल खेलेंगी। भारत के कोच पी आर श्रीजेश ने कहा, 'टीम सुल्तान जोहोर कप की अच्छी तैयारी कर रही है। हमारे पास अच्छी टीम है और जूनियर विश्व कप को देखते हुए यह तैयारी का अच्छा मौका होगा जिसमें मजबूत टीमों के खिलाफ खुद को आंक सकेंगे।'

टीम -गोलकीपर : ब्रिकमजीत सिंह, प्रिंसदीप सिंह

डिफेंडर : रोहित (कप्तान), तालेम प्रियब्रत, अनमोल इक्का, आमिर अली, सुनील पीबी, रवनीत सिंह

मिडफील्डर : अंकित पाल, टी इंगेलम्बा लुवांग, अद्रोहित इक्का, अराइजीत सिंह हुंडल, रोशन कुजूर , मनमीत सिंह

फॉरवर्ड : अर्शदीप सिंह, सौरभ आनंद कुशवाहा, अजीत यादव, गुरजोत सिंह

स्टैंडबाय : विवेक लाकड़ा, शारदानंद तिवारी, टी किंगसन सिंह, रोहित कुल्लू, दिलराज सिंह।

'वह क्रिकेट की दुनिया में तहलका मचाने जा रहा है', अश्विन ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच के बाद इस खिलाड़ी की तारीफ की

नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान के खिलाफ अभिषेक शर्मा की शानदार पारी ने पूर्व दिग्गज खिलाड़ी रविचंद्रन अश्विन और केविन पीटरसन को आश्चर्यचकित कर दिया। भारतीय ऑफ स्पिनर ने तो यहां तक कह दिया है कि यह युवा खिलाड़ी 'भारत के लिए सीमित ओवरों के क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक' बन जाएगा। अभिषेक की 39 गेंद पर 74 रन की ताबड़तोड़ पारी से भारत ने रविवार को एशिया कप के सुपर चार चरण के मुकाबले में पाकिस्तान को आसानी से छह विकेट से मात दी। अभिषेक ने इस पारी में धैर्य और आक्रमण का शानदार मिश्रण दिखाते हुए कमाल के शॉट लगाए।

अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'मैं आपको बताना चाहता हूं कि यह अभिषेक शर्मा का आगमन नहीं है। यह तो बस शुरुआत है। उसने अभी-अभी शुरू किया है और उसका भविष्य बहुत लंबा है। वह क्रिकेट की दुनिया में तहलका मचाने जा रहा है।' अश्विन ने 23 साल के अभिषेक की तारीफ करते हुए कहा कि वह अपने गुरु युवराज सिंह की विरासत को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा, 'यह बात लिख लीजिए। उनमें बहुत क्षमता है। जिस तरह से युवराज सिंह सीमित ओवरों में भारत के लिए सबसे शानदार खिलाड़ियों में से एक रहे हैं अभिषेक के पास भी सीमित ओवरों के प्रारूप में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बनने की क्षमता है। वह उस स्तर तक आसानी से पहुंच सकते हैं। मुझे लगता है कि वह युवराज की विरासत को आगे बढ़ाएंगे। वह एक अद्भुत प्रतिभा हैं।'

अभिषेक की पारी में छह चौके और पांच छक्के शामिल थे, लेकिन अश्विन के लिए उनके शॉट लगाने की कलात्मकता सबसे अलग थी। इस खब्बू बल्लेबाज ने पारी के आठवें ओवर में सईम अयूब के खिलाफ महान महेंद्र सिंह धोनी के अंदाज में 'हेलीकॉप्टर शॉट' जैसे स्ट्रोक के साथ चौका जड़ा। अश्विन ने कहा, 'अभिषेक शर्मा ने धोनी की तरह हेलीकॉप्टर कवर ड्राइव मारा। हर कोई उनके पांच छक्कों की बात करेगा, लेकिन मैं इस कवर ड्राइव के बारे में बात करना चाहता हूं, क्योंकि यह काफी दिलकश शॉट था।'

अभिषेक ने अपने बचपन के दोस्त शुभमन गिल के साथ 105 रन की साझेदारी कर भारत की जीत की नींव रखी। वह टूर्नामेंट के मौजूदा सत्र में सबसे ज्यादा (173) रन बनाने वाले बल्लेबाज है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने भी अभिषेक के कसीदे गढ़े। पीटरसन ने 'एक्स' पर लिखा, 'अभिषेक शर्मा अलग स्तर का खिलाड़ी है। वह ऐसा

खिलाड़ी है जो कभी-कभी असफल होगा और ऐसे शॉट पर आउट होगा जिसकी काफी आलोचना होगी। वह अपने करियर में लाखों लोगों के चेहरों पर मुस्कान और खुशी लाएंगा क्योंकि वह दुनिया भर के गेंदबाजों के खिलाफ तेजी से रन बटोरेगा। उनकी आंखें में रनों की भूख दिखती है। दोस्त, इस तेवर को बनाए रखो।'

मैकमिलन के मार्गदर्शन में बेहतर प्रदर्शन के लिए अभ्यास कर रही न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम

चेन्नई । न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेट टीम 30 सितंबर से भारत और श्रीलंका में शुरु हो रहे विश्वकप में कोच क्रेग मैकमिलन के मार्गदर्शन में उतरेगी । न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम विश्वकप में बेहतर प्रदर्शन के लिए अभ्यास में लगी है। भारतीय हालातों के अनुकूल ढ़लने के लिए टीम पहले ही यहां पहुंच गयी थी । मैकमिलन को बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण बनाये जाने से भी टीम में उत्साह है । नई भूमिका के तहत मैकमिलन का काम महिला टीम को बेहतर बनाना रहेगा। इस बीच वह कमेंट्री और अन्य प्रतिबद्धताओं से दूर रहेंगे । क्रेग इससे पहले पार्ट-टाइम करार पर कोच थे पर अब उन्हें पूरे समय के लिए कोच बनाया गया है । मैकमिलन साल 2024 में यूएई में हुए आईसीसी टी20 विश्व कप की खिताबी जीत के समय भी टीम के साथ थे । मैकमिलन ने कहा, इस भूमिका में होना मेरे लिए बेहद खास है । महिला क्रिकेट लगातार मजबूत हो रहा है । उन्होंने कहा, पिछला साल बहुत जल्दी बीत गया । मुझे उस टीम का हिस्सा होने का

हर पल बहुत अच्छा लगा, जो लगातार बेहतर होती जा रही है, टीम एक-दूसरे को चुनौती देती है और विश्व मंच पर खास प्रदर्शन करती है । मैकमिलन ने बताया कि विश्व कप को लेकर न्यूजीलैंड की तैयारियां जोरों पर हैं । चेन्नई में ट्रेनिंग कैंप में भी टीम के खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी अच्छा रहा है ।

मशहूर एसयूवी बोलेरो नियो अब अपडेटेड वर्जन में होगी पेश

नई दिल्ली

जल्द ही भारतीय बाजार में मशहूर एसयूवी बोलेरो नियो अब अपडेटेड वर्जन में लॉन्च होने वाली है। कंपनी इसे इसी महीने पेश कर सकती है। तस्वीरों से इसके फ्रंट डिजाइन में बड़े बदलाव साफ दिखाई देते हैं। नई बोलेरो नियो में नए डिजाइन वाले हेडलैंप्स, डीआरएलएस के साथ रीडिजाइन फ्रंट ग्रिल और अपडेटेड बंपर दिए जाएंगे। इससे इसका लुक पहले से ज्यादा दमदार और मॉडर्न हो जाएगा। हालांकि, बोलेरो की आइकॉनिक पहचान बनाए रखने के लिए बाकी डिजाइन एलिमेंट्स पुराने जैसे ही रखे गए हैं। इंटीरियर में इस बार प्रीमियम टच दिया जाएगा। माना जा रहा है कि इसमें बड़ा इंफोटेनमेंट स्क्रीन लेटेस्ट सॉफ्टवेयर सपोर्ट के साथ, डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, नया डैशबोर्ड लेआउट और अपडेटेड सीट अपहोल्स्ट्री जैसे फीचर्स देखने को मिलेंगे। इन बदलावों से केबिन पहले से ज्यादा मॉडर्न और टेक्नोलॉजी-फ्रेंडली बन जाएगा। इंजन और परफॉर्मेंस के मामले में बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। कंपनी इसमें मौजूदा वर्जन वाला इंजन और गियरबॉक्स ही उपलब्ध कराएगी। हालांकि, ड्राइविंग अनुभव को बेहतर बनाने के लिए हल्की-फुल्की फाइन-ट्यूनिंग की जा सकती है। ऑटो सेक्टर के जानकारों के मुताबिक, 2025 बोलेरो नियो का सीधा मुकाबला मारुति ब्रेज़ा और किया सोनेट जैसी एसयूवी से होगा।

नया इलेक्ट्रिक फैमिली स्कूटर अंपेरे मेग्नस ग्रांड लॉन्च

नई दिल्ली

दो पहिया वाहन निर्माता कंपनी ग्रीव्स इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ने अपना नया इलेक्ट्रिक फैमिली स्कूटर अंपेरे मेग्नस ग्रांड लॉन्च कर दिया है। मेग्नस ग्रांड की शुरुआती कीमत 90,000 रुपए (एक्स-शोरूम) रखी गई है। इसे मेग्नस नियो के आधार पर तैयार किया गया है, लेकिन इसके डिजाइन और फीचर्स को अपग्रेड किया गया है। कंपनी ने इसे खासतौर पर उन परिवारों के लिए डिजाइन किया है, जो इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर में स्टाइल, सेफ्टी और कम्फर्ट चाहते हैं। डिजाइन की बात करें तो यह स्कूटर मैचा ग्रीन और ओशन ब्लू जैसे ड्यूल-टोन कलर्स में उपलब्ध है, जिनमें सुनहरी बैजिंग दी गई है। मजबूत बॉडी, बड़े ग्रैब रेल्स और लंबी सीट इसे पारिवारिक इस्तेमाल के लिए आदर्श बनाते हैं। तकनीकी दृष्टि से इसमें 2.3 केडब्ल्यूएच की एलएफपी बैटरी मिलती है, जो एक बार चार्ज करने पर 80-95 किमी तक की रेंज देती है। कंपनी इस बैटरी पर 5 साल या 75,000 किमी की वारंटी भी दे रही है। इको मोड में इसका प्रदर्शन सबसे बेहतर बताया जा रहा है।

हीरो मोटोकॉर्प को उम्मीद, त्योहारों में होगी रिकॉर्ड बिक्री

– दोपहिया बाजार में बरकरार रहेगा शीर्ष स्थान

नई दिल्ली

हीरो मोटोकॉर्प को उम्मीद है कि इस साल त्योहारों का मौसम कंपनी के लिए अब तक का सबसे अच्छा साबित होगा। जीएसटी में कटौती के बाद मांग में तेजी आने की संभावना है, जिससे बिक्री के आंकड़े मजबूत होंगे।

कंपनी के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने बताया` कि पहले पांच महीनों में बिक्री लगभग स्थिर रही, लेकिन नवरात्र और त्योहारों के दौरान अच्छी बुकिंग देखी जा रही है। हीरो मोटोकॉर्प इस बार 12 नए उत्पाद पहली बार त्योहारों के मौके पर बाजार में ला रही है, जिससे कंपनी को दोहरा फायदा होने की उम्मीद है। मौजूदा उत्पादों के साथ-साथ नई पेशकशों की वजह से कंपनी उद्योग से बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद कर रही है। उन्होंने कहा` कि यह सकारात्मक माहौल कंपनी के लिए उत्साहजनक है और इसे बढ़ावा देगा। वित्त वर्ष 2024-25 में हीरो मोटोकॉर्प ने दोपहिया वाहन बिक्री में 54,45,251 इकाइयों के साथ शीर्ष स्थान कायम रखा है। मुख्य प्रतिस्पर्धी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया की बिक्री 47,89,283 रही। अगस्त तक के आंकड़ों के अनुसार, हीरो लगभग दो लाख इकाइयों की बढ़त बनाए हुए है। हीरो मोटोकॉर्प 100 सीसी, 125 सीसी, स्कूटर और प्रीमियम सेगमेंट में विस्तार की योजना बना रही है। इलेक्ट्रिक वाहनों की उपलब्धता बढ़ाने और हार्ले-डेविडसन के साथ साझेदारी जारी रखने की भी रणनीति है। साथ ही, प्रीमियम बिक्री आउटलेट (प्रेमिया स्टोर) की संख्या बढ़ाई जाएगी। वर्मा ने भरोसा जताया कि कंपनी 2025 में भी इस क्षेत्र में सबसे आगे रहेगी।

पुलर प्रीमियम हैचबैक आई20 का नया नाइट एडिशन पेश

नई दिल्ली

भारतीय बाजार में हुंडई मोटर इंडिया ने अपनी पॉपुलर प्रीमियम हैचबैक आई20 का नया नाइट एडिशन पेश किया है। आई20 नाइट एडिशन के एक्सटीरियर में पूरी तरह ब्लैक थीम दी गई है। इसमें ब्लैक-आउट एलॉय व्हील्स, रूफ रेल्स, स्किड प्लेट्स, साइड सिल गार्निश, ओआरवीएमएस, रिपॉयर स्पॉइलर और मैट ब्लैक हुंडई लोगो शामिल है। इसके अलावा रेड ब्रेक कैलिपर्स, स्पोर्टी मेटल पैडल और खास नाइट लोगो इसे और आकर्षक बनाते हैं।

इंटीरियर की बात करें तो इसमें ऑल-ब्लैक अपहोल्स्ट्री के साथ पीतल जैसे इंसर्ट दिए गए हैं, जो इसे कॉन्ट्रास्टिंग टच देते हैं। यह एडिशन आई20 के स्पोर्ट्ज (ओ) और एस्टा (ओ) ट्रिम्स पर उपलब्ध है, जिनकी शुरुआती कीमत 9.15 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) है।

इसी थीम को आई20 एन लाइन के एन8 और एन10 वैरिएंट्स में भी जोड़ा गया है, जिनकी कीमत 11.43 लाख रुपए तक जाती है।

कार में 1.2-लीटर, 4-सिलेंडर पेट्रोल इंजन मिलता है, जो 83 एचपी पावर और 115 एनएम टॉर्क देता है। यह इंजन 5-स्पीड मैनुअल और सीवीटी ट्रांसमिशन के साथ उपलब्ध है। इसमें आइडल स्टॉप एंड गो (आईएसजी) तकनीक भी दी गई है।

हालांकि, कंपनी ने 1.0-लीटर टर्बो इंजन वाले वैरिएंट को बंद कर दिया है, जो पहले डीसीटी और आईएमटी ट्रांसमिशन के साथ उपलब्ध था। विशेषज्ञों का मानना है कि नाइट एडिशन हुंडई आई20 के प्रीमियम सेगमेंट को और मजबूत करेगा और फेस्टिव सीजन में इसकी बिक्री में तेजी आएगी। कंपनी ने इस लिमिटेड एडिशन को खासतौर पर उन ग्राहकों के लिए उतारा है जो स्टाइलिश एक्सटीरियर और लग्जरी इंटीरियर को प्राथमिकता देते हैं।

सेबी से मिली क्लीन चिट के बाद अदाणी समूह ने हिंडनबर्ग से जवाब मांगा

अदाणी ने हिंडनबर्ग से पूछा 150 अरब डॉलर के नुकसान का जिम्मेदार कौन?

नई दिल्ली

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा अदाणी समूह को क्लीन चिट दिए जाने के बाद अब समूह ने अमेरिकी शॉर्ट-सेलर फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च से निवेशकों को हुए नुकसान की जवाबदेही तय करने की मांग की है। एक वरिष्ठ सूत्र के अनुसार जनवरी 2023 में हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद अदाणी ग्रुप के शेयरों में भारी गिरावट आई थी, जिससे करीब 150 अरब डॉलर की शेयरधारकों की संपत्ति मिट गई थी। अब जबकि सेबी ने समूह पर लगे आरोपों को खारिज कर दिया है, अदाणी ग्रुप का कहना है कि आम निवेशकों को हुए इस नुकसान के लिए हिंडनबर्ग को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। सेबी की हालिया जांच में बताया गया कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में जिन लोन और ट्रांजैक्शनों को संदिग्ध बताया गया था, वे नियमों के अनुरूप और चुकता किए गए थे। साथ ही समूह के प्रमोटरों ने समय रहते कर्ज चुकाकर बाजार में स्थिरता बनाए रखी। हिंडनबर्ग ने उस समय शेयरों में गिरावट से शॉर्ट-सेलिंग के जरिए बड़ा लाभ कमाया था। हालांकि, 2025 में हिंडनबर्ग ने अपनी गतिविधियां बंद कर दीं, जिससे जवाबदेही तय करना जटिल हो गया है। इस साल जुलाई में सेबी ने हिंडनबर्ग और इससे जुड़े अन्य पक्षों को कारण बताओ नोटिस भेजा था, जिसमें अंदरूनी जानकारी के दुरुपयोग और साजिश के आरोप लगाए गए हैं।

जीएसटी दरों में कटौती से कंपनियों के राजस्व में 7 फीसदी तक वृद्धि की उम्मीद

त्योहारी सीजन में राहत : ऑटो, एफएमसीजी और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स की कीमतें घटेंगी

नई दिल्ली

देश में नई जीएसटी दरें आज से, यानी नवरात्र के पहले दिन सोमवार से लागू हो गई हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इन कटौती से इस वित्त वर्ष में भारतीय कंपनियों के राजस्व में 6 से 7 प्रतिशत तक की वृद्धि हो सकती है। यह अनुमान पहले की तुलना में 25 से 50 आधार अंक अधिक है। एक रिपोर्ट के अनुसार यह कदम ऐसे समय पर उठाया गया है जब वैश्विक अनिश्चितताएं बनी हुई हैं और देश में त्योहार व शादी का मौसम शुरू हो रहा है, जब उपभोग अपने चरम पर होता है। रिपोर्ट बताती है कि उपभोग में बढ़ोतरी कॉर्पोरेट राजस्व का लगभग 15 फीसदी भाग है, जिससे कंपनियों को लाभ होगा। जीएसटी दरों में कटौती का असर खासतौर पर एफएमसीजी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और ऑटोमोबाइल सेक्टर में देखने को मिलेगा, जिससे उपभोक्ताओं को कीमतों में राहत मिलेगी। हालांकि, मुनाफाखोरी रोधी नियमों के कारण कंपनियों के मार्जिन में ज्यादा बढ़ोतरी नहीं हो पाएगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि जीएसटी ढांचे को सरल बनाकर यह फैसला आर्थिक सुधार को समर्थन देगा। रिपोर्ट के अनुसार, 90 फीसदी से अधिक उत्पाद कैटेगरी पर टैक्स दरें कम होने से देश की जीडीपी में 20-30 आधार अंकों की वृद्धि संभव है। एयरलाइंस सेक्टर पर प्रभाव सीमित रहेगा क्योंकि इकोनॉमी क्लास पर जीएसटी दर 5 फीसदी यथावत रखी गई है। हालांकि, प्रीमियम क्लास टिकटों पर दर 12 फीसदी से बढ़ाकर 18 फीसी कर दी गई है।

आधार कार्ड से जुड़ी लापरवाही पड़ सकती है भारी, हो सकती है जेल और जुर्माना

नई दिल्ली आधार कार्ड आज हर भारतीय के लिए एक अनिवार्य पहचान दस्तावेज़ बन गया है। इसका उपयोग बैंक खाते खोलने, मोबाइल सिम लेने, सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने और शैक्षणिक संस्थानों में दाखिले जैसी आवश्यक सेवाओं में किया जाता है। इसी वजह से यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) ने इससे जुड़े नियमों को सख्त बनाया है। अगर कोई व्यक्ति आधार बनवाते समय जानबूझकर गलत जानकारी देता है, तो यह अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे मामलों में दोषी को 3 साल तक की जेल या 10,000 रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। इसके अलावा बिना अनुमति किसी और के आधार में बदलाव करना भी गैरकानूनी है। इसी तरह यूआईडीएआई की मंजूरी के बिना आधार डेटा एकत्र करना या साझा करना भी अपराध है, जिसकी सजा 3 साल की कैद और जुर्माने के रूप में हो सकती है। अगर कोई व्यक्ति या संस्था आधार सिस्टम में हैकिंग या डेटा चोरी जैसे गंभीर अपराध में लिप्त पाया जाता है, तो उसे 10 साल तक की जेल और 10 लाख रुपए तक का जुर्माना भुगतना पड़ सकता है।

टेकडी साइबर सिक्योरिटी की तगड़ी लिस्टिंग, निवेशकों को हुआ बड़ा मुनाफा

मुंबई टेकडी साइबर सिक्योरिटी लिमिटेड ने 22 सितंबर को शेयर बाजार में जोरदार एंट्री की। कंपनी का शेयर एनएसई एसएमई पर 193 के इश्यू प्राइस के मुकाबले 366.70 रुपए पर लिस्ट हुआ, जिससे निवेशकों को प्रति शेयर 173.70 रुपए का लाभ मिला। लिस्टिंग के तुरंत बाद शेयर में 5 फीसदी अपर सर्किट लगने से यह 385 रुपए तक पहुंच गया। इस आईपीओ को निवेशकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। 38.99 करोड़ रुपए के इश्यू को कुल 718 गुना सब्सक्रिप्शन मिला। आईपीओ 15 से 17 सितंबर के बीच खुला था। लॉट साइज 600 शेयर रखा गया और रिटेल निवेशकों को कम से कम दो लॉट खरीदने थे, जिससे न्यूनतम निवेश राशि 2.31 लाख रुपए हो गई थी। शानदार लिस्टिंग से यह साफ है कि साइबर सिक्योरिटी सेक्टर में निवेशकों का भरोसा लगातार बढ़ रहा है।

जियो पेमेंट्स बैंक ने लॉन्च किया सेविंग्स प्रो

मुंबई जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड की सहायक कंपनी जियो पेमेंट्स बैंक ने सोमवार को सेविंग्स प्रो सेवा की शुरुआत की। इस सुविधा के तहत ग्राहकों के बचत खाते में तय सीमा से अधिक धनराशि को स्वचालित रूप से ओवरनाइट म्युचुअल फंड (ग्रोथ प्लान) में निवेश किया जाएगा। प्रारंभिक चरण में ग्राहक 5,000 रुपए से शुरू होने वाली सीमा तय कर सकते हैं और इस सीमा से ऊपर की राशि चुनिंदा कम-जोखिम वाले फंड्स में निवेशित होगी। ग्राहक प्रतिदिन अधिकतम 1.5 लाख रुपए तक का निवेश कर सकेंगे। जियो पेमेंट्स बैंक का दावा है कि यह सुविधा पारंपरिक सेविंग अकाउंट की तुलना में बेहतर रिटर्न देगी। यह सेवा कुछ ही क्लिक में मोबाइल ऐप के माध्यम से सक्रिय की जा सकती है। यह कदम डिजिटल बैंकिंग और निवेश को एकीकृत करते हुए ग्राहकों को अधिक लाभ दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

संदूर मैग्नीज एंड आयरन ओर देगा 2:1 के अनुपात में बोनस शेयर

नई दिल्ली संदूर मैग्नीज एंड आयरन ओर` लिमिटेड जो मैंगनीज और आयरन ओर्स माइनिंग में काम करती है, ने अपने शेयरधारकों के लिए 2:1 के अनुपात में बोनस शेयर देने की घोषणा की है। इसका मतलब है कि हर एक शेयरधारक को हर एक शेयर पर दो अतिरिक्त मुफ्त शेयर मिलेंगे। कंपनी ने इस प्रस्ताव को 8 अगस्त को अपनी बोर्ड मीटिंग में मंजूरी दी। बोनस शेयर के लिए रिकॉर्ड डेट 22 सितंबर निर्धारित की गई है। इस तारीख को जिन निवेशकों के पास शेयर होंगे, वे बोनस के पात्र होंगे। इसके अलावा कंपनी ने हाल ही में 1.25 रुपये प्रति शेयर का फाइनल डिविडेंड भी घोषित किया था, जिसकी रिकॉर्ड डेट 10 सितंबर 2025 थी। निवेशकों को डिविडेंड के साथ-साथ बोनस शेयर का फायदा भी मिलेगा। कंपनी का बीएसई पर शेयर 20 सितंबर को 478.20 रुपये पर बंद हुआ, जो पिछले दिन से 1.18 फीसदी अधिक था। पिछले 52 हफ्तों में इसके शेयर की कीमत 338.30 रुपये से लेकर 557.50 रुपये तक गई। हाल के महीनों में कंपनी के शेयर में लगातार बढ़ोतरी देखी गई है, जैसे 2 हफ्तों में 3 फीसदी, 3 महीनों में 5 फीसदी और 5 वर्षों में 1106 फीसदी तक रिटर्न मिला है।

पीरामल एंटरप्राइजेज और फाइनेंस का विलय, 23 सितंबर रिकॉर्ड डेट घोषित

– पीईएल के शेयर 23 सितंबर के बाद नहीं होंगे ट्रेड, निवेशकों को 1:1 अनुपात में मिलेंगे शेयर

नई दिल्ली पीरामल एंटरप्राइजेज लिमिटेड (पीईएल) ने अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, पीरामल फाइनेंस लिमिटेड (पीएफएल) के साथ मर्जर की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कंपनी ने 23 सितंबर को रिकॉर्ड डेट घोषित की है, जिसके बाद पीईएल के शेयर बाजार में ट्रेड नहीं होंगे। इसके बदले निवेशकों को 1:1 अनुपात में पीएफएल के शेयर दिए जाएंगे। कंपनी द्वारा 20 सितंबर को बीएसई और एनएसई को दी गई फाइलिंग के अनुसार, नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) ने इस कॉम्पोजिट स्कीम ऑफ अरेंजमेंट को मंजूरी दे दी है और 16 सितंबर से यह मर्जर प्रभावी हो गया है। इस विलय का उद्देश्य पीरामल समूह की सभी लेंडिंग और फाइनेंसिंग गतिविधियों को एकीकृत करना है। मर्जर के बाद, योग्य निवेशकों को पीएफएल के शेयर अलॉट किए जाएंगे। अलॉटमेंट की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पीएफएल अपने शेयरों को स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट कराने के लिए आवेदन करेगा। जब तक ये शेयर लिस्ट नहीं हो जाते, तब तक निवेशक उन्हें बाजार में ट्रेड नहीं कर पाएंगे। हालांकि पीएफएल की मौजूदा डेट सिक्योरिटीज पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

शेयर बाजार गिरावट पर बंद

सेंसेक्स 466 , निफ्टी 124 अंक नीचे आया

मुंबई

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 466.26 अंक करीब 0.56 फीसदी टूटकर 82,159.97 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 124.70 अंक तकरीबन 0.49 फीसदी नीचे आकर 25,202.35 पर बंद हुआ।

वहीं दूसरी ओर निफ्टी मेटल 0.39 फीसदी, निफ्टी उर्जा 0.69 फीसदी, निफ्टी कमोडिटीज 0.69 फीसदी और निफ्टी कंजप्शन 0.24 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ। आज लार्जकैप के साथ ही मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी बिकवाली दर्ज की गयी। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 394.85 अंक करीब 0.67 फीसदी की गिरावट के साथ 58,699.50 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 215.65 अंक या 1.17 फीससी टूटकर 18,288.90 पर आ गया।

सेंसेक्स पैक में बजाज फाइनेंस, अदाणी पोर्ट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, एक्सिस बैंक, एचयूएल, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी और पावर ग्रिड लाभ वाले शेयरों में थे। टेक महिंद्रा, टीसीएस, इन्फोसिस, एचसीएल टेक, टाटा मोटर्स, ट्रेंट, एलएंडटी, एसबीआई और आईटीसी के शेयर नुकसान में रहे।

इससे पहले आज सुबह शेयर बाजार गिरावट से खुला। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा एच-1बी वीजा नियमों में किए गए बड़े बदलाव से आईटी सेक्टर में भारी दबाव देखा गया। बीएसई सेंसेक्स 450 अंकों की गिरावट के साथ 82,151.07 पर खुला, जबकि

निफ्टी 25,238 पर खुला। दूसरी ओर एशियाई बाजारों में सकारात्मक माहौल रहा। ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच टेलीफोनिक बातचीत से ग्लोबल निवेशकों में उम्मीद जगी। जापान का निक्केई 1.4 फीसदी और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.9 फीसदी ऊपर रहा। इस बीच भारत में आज से जीएसटी 2.0 लागू हो गया है।

सरकार ने टैक्स स्लैब की संख्या चार से घटाकर दो कर दी है - 5 और 18 फीसदी। रोजमर्रा की चीजें और वाहन सस्ते हो गए हैं, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिलने की उम्मीद है। आईपीओ बाजार में भी हलचल रही।

ट्रंप ने वीजा शुल्क बढ़ाया भारत की टेक कंपनियों को मिल सकते हैं कामयाबी के पंख

नई दिल्ली

अमेरिका ने एच-1बी वीजा शुल्क बढ़ाकर एक लाख डॉलर कर दिया है। तमाम कंपनियों में इसको लेकर हड़कंप मच गया। हालांकि राहत वाली बात ये हैं कि जानकार बता रहे हैं कि ट्रंप के इस फैसले से भारत की टेक कंपनियों को कामयाबी के नए पंख मिल सकते हैं। इसके एक नहीं कई कारण है।इतिहास बताता है कि जब भी अमेरिका ने एच-1बी पर रोक लगाई, भारत ने उसे मौके में बदला। वाय2के ने आईटी सर्विस इंडस्ट्री को जन्म दिया, 2008 ने ऑफशोरिंग बढ़ाई और ट्रंप के पहले टर्म ने स्टार्टअप कल्चर को मजबूत किया। 2025 की यह फीस भारत को ग्लोबल टेक लीडर बनाने की दिशा में एक और कदम है। हां, चुनौतियां भी हैं - लौटने वाले टैलेंट के लिए अच्छी नौकरियां और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर जरूरी होगा। लेकिन अगर भारत इसे सही से मैनेज करे तो 100 अरब डॉलर की आईटी एक्सपोर्ट इंडस्ट्री 500 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है। अमेरिका का 'सेल्फ-गोल' भारत के लिए 'गोल्डन गोल' साबित हो सकता है।1990 के दशक के आखिर में वाय2के बग का डर था कि साल 2000 आते ही कई कंप्यूटर सिस्टम क्रैश हो जाएंगे। अमेरिकी और यूरोपीय कंपनियों को तुरंत सॉफ्टवेयर अपडेट करने के लिए सस्ते और कुशल प्रोग्रामर्स चाहिए थे, लेकिन वहां टैलेंट कम था। भारत के इंजीनियरिंग कॉलेजों से निकले और अंग्रेजी बोलने वाले प्रोग्रामर्स ने इस मौके को पकड़ा।टीसीएस, इंफोसिस और विप्रो जैसी कंपनियों ने वाय2के प्रोजेक्ट्स लिए।

नास्सकॉम के अनुसार 1998-2001 के बीच भारत ने 2.5 अरब डॉलर के वाय2के कॉन्ट्रैक्ट्स हासिल किए। उस समय एच-1बी वीजा की लिमिट और सख्त जांच के कारण कई भारतीय प्रोग्रामर्स अमेरिका नहीं जा पाए। नतीजा यह हुआ कि कंपनियों ने काम भारत में ही शिफ्ट कर दिया। बेंगलुरु और हैदराबाद में नए ऑफिस खुले और आईटी एक्सपोर्ट 2000 में 4 अरब डॉलर से बढ़कर 2005 में 17.7 अरब डॉलर हो गया। यही भारत के आईटी सेक्टर का पहला बड़ा बूम था।

एफपीआई ने भारतीय बाजार से अब तक 7,945 करोड़ निकाले

नई दिल्ली वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने सितंबर 2025 में अब तक भारतीय शेयर बाजार से 7,945 करोड़ रुपये की निकासी की है। डिपॉजिटरी आंकड़ों के अनुसार यह निकासी जुलाई और अगस्त में क्रमशः 17,700 करोड़ और 34,990 करोड़ रुपए रही थी। इस साल अब तक एफपीआई द्वारा कुल 1.38 लाख करोड़ रुपये की निकासी हो चुकी है। हालांकि सितंबर के दौरान कुछ सकारात्मक घटनाक्रम भी देखे गए। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में 0.25 फीसदी की कटौती के बाद एफपीआई ने एक सप्ताह में लगभग 900 करोड़ रुपये की खरीदारी की, जिससे बाजार को अस्थायी राहत मिली। विश्लेषकों का मानना है कि 2025 में दो और दर कटौती की संभावना से वैश्विक तरलता में सुधार हो सकता है। बाजार के जानकारों के मुताबिक ब्याज दरों में कटौती एफपीआई को आकर्षित कर सकती है, लेकिन फिलहाल वे शुद्ध बिकवाल बने हुए हैं। भारत की स्थिर आर्थिक स्थिति और अमेरिका-भारत व्यापार विवाद में कमी से माहौल में कुछ सुधार हुआ है। दिलचस्प रूप से, एफपीआई ने शेयर बाजार से निकासी के साथ-साथ बॉन्ड बाजार में निवेश बढ़ाया है। उन्होंने सामान्य सीमा के तहत 900 करोड़ और वीआरआर के माध्यम से 1,100 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

घर बनाना हुआ सस्ता! सीमेंट और मार्बल पर जीएसटी दरों में बड़ी कटौती

– अब सीमेंट पर 28 की जगह 18 और मार्बल-ग्रेनाइट पर 5 फीसदी जीएसटी लगेगा

नई दिल्ली त्योहारी सीजन से पहले केंद्र सरकार ने आम जनता को बड़ी राहत दी है। सरकार ने सीमेंट, मार्बल और ग्रेनाइट जैसे निर्माण से जुड़ी जरूरी चीजों पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती की है। यह नई दरें 22 सितंबर से लागू हो गई हैं। अब सीमेंट पर जीएसटी दर 28 से घटाकर 18 फीसदी कर दी गई है, जबकि मार्बल और ग्रेनाइट ब्लॉक्स पर 12 की जगह 5 फीसदी टैक्स लगेगा। इससे उन लोगों को सीधा लाभ मिलेगा जो नया घर बनवा रहे हैं या खरीदने की योजना बना रहे हैं। मान लीजिए आप 40 लाख रुपए की लागता का मकान बना रहे हैं, तो उसमें करीब 8 लाख रुपए केवल सीमेंट पर खर्च होता है। पहले इस पर 2.24 लाख रुपए जीएसटी लगता था, जो अब घटकर 1.44 लाख रुपए हो जाएगा। इस तरह सिर्फ सीमेंट पर ही 80,000 रुपए की सीधी बचत होगी। इससे मकान की कुल लागत में करीब 1 लाख रुपए तक की कमी आ सकती है।

प्रभास की फौजी में अभिषेक बच्चन की एंट्री!

तेलुगू सिनेमा के पैन इंडिया सुपरस्टार प्रभास की फिल्म फौजी को एक नई जानकारी आई है। चर्चा है कि डायरेक्टर हनु राघवपुडी की यह एक्शन-ड्रामा फिल्म अब और भी रोमांचक होने वाली है, क्योंकि इसमें अभिषेक बच्चन की एंट्री हुई है। प्रभास इन दिनों फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। खबर है कि जल्द ही अभिषेक भी उनके साथ शामिल होंगे। हालांकि, फिल्म से अभिषेक के जुड़ने को लेकर अभी तक कोई अधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, अभिषेक बच्चन और प्रभास फौजी में स्क्रीन शेयर करते नजर आने वाले हैं। हनु राघवपुडी ने अभिषेक बच्चन से एक अहम भूमिका निभाने के लिए संपर्क किया है। इस पर अभी बातचीत चल रही है और सब कुछ ठीक रहा, तो अभिषेक जल्द ही प्रभास को शूट के लिए जॉइन करेंगे। यह तेलुगू सिनेमा में अभिषेक बच्चन का डेब्यू होगा।

फौजी का 400 करोड़ का बजट और प्लॉट

फौजी, प्रभास के सबसे दिलचस्प प्रोजेक्ट्स में से है। चर्चा है कि यह फिल्म द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान की एक रोमांटिक ड्रामा है। यह एक सैनिक की यात्रा है, जो महाकाव्य की तरह भव्यता लिए हुए होगी और कहानी में भावनाओं का भी पुट होगा। इस ऐतिहासिक एक्शन फिल्म में प्रभास एक सैनिक की भूमिका में नजर आएंगे। विशाल चंद्रशेखर इसके लिए संगीत दे रहे हैं। फिल्म का बजट भी 400 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।

सेट से लीक हुई फोटो तो मेकर्स ने दे दी चेतावनी

फौजी को लेकर बीते दिनों तब चर्चा और फैंस की उत्सुकता और बढ़ गई थी, जब अगस्त में शूटिंग लोकेशन एक तस्वीर लीक हुई थी। हालांकि, इसके बाद फिल्म के निर्माता माइथ्री मूवी मेकर्स ने चेतावनी भी जारी की। प्रोडक्शन हाउस ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, हमने देखा है कि आप में से बहुत से लोग सेट से तस्वीरें शेयर कर रहे हैं। हम आपको बेहतरीन अनुभव देने की कोशिश कर रहे हैं, पर इस तरह के लीक टीम का मनोबल गिराते हैं। ऐसी तस्वीरें शेयर करने वाले किसी भी अकाउंट को न सिर्फ रिपोर्ट कर उसे बंद करवाया जाएगा, बल्कि उसे साइबर अपराध मानकर उचित कार्रवाई भी की जाएगी।

अनीत पड्डा ने काटा कियारा का पत्ता!

सैयारा की सफलता के बाद अनीत पड्डा लोगों की नजरों में हैं। सब उनके दीवाने हुए जा रहे हैं। इस बीच खबरें आ रही हैं कि अनीत ने कियारा आडवाणी को रिप्लेस कर दिया है।

अपनी फिल्म सैयारा की सफलता से एक्साइटेड अनीत पड्डा रातोंरात मशहूर हो गईं और उनके अगले प्रोजेक्ट को लेकर लोगों की भी खुशी बढ़ गई। हाल ही में, ऐसी खबरें आईं कि वह दिनेश विजन की मैडॉक हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की आगामी फिल्म शक्ति शालिनी में लीड रोल प्ले करेंगी। हालांकि, अब मेकर्स ने एक आधिकारिक बयान दिया है। शुक्रवार को, मैडॉक फिल्म्स ने इंस्टाग्राम पर इन अफवाहों को खारिज करते हुए एक बयान शेयर किया, जिसमें लिखा था, हालांकि हम अपने हॉरर-कॉमेडी जगत के उत्साह को सचमुच महत्व देते हैं, हम यह बिल्कुल स्पष्ट करना चाहते हैं कि शक्ति शालिनी और महा मुंज्या सहित आगामी चैप्टर्स की कास्टिंग से जुड़ी कोई भी रिपोर्ट पूरी तरह से अटकलें हैं। हम मीडिया से गलत सूचनाओं से बचने और हमारी आधिकारिक घोषणाओं का इंतजार करने का आग्रह करते हैं। कैप्शन में आगे लिखा था, लगातार समर्थन और समझ के लिए धन्यवाद।

अनीत पड्डा ने कियारा को किया रिप्लेस!

स्पष्टीकरण के बावजूद, फैंस अनीत पड्डा के पक्ष में खड़े रहे। एक यूजर ने कमेंट किया- वैसे, अनीत एक बेहतरीन ऑप्शन होतीं। एक ने लिखा- अगर आपने अभी तक अनीत को कास्ट नहीं किया है तो प्लीज उन्हें कास्ट कर लीजिए। एक तीसरे ने लिखा- अनीत सबसे अच्छी पसंद हैं क्योंकि वह एक टैलेंटेड एक्ट्रेस हैं। वहीं, कुछ फैंस ने उनकी जगह कियारा आडवाणी को रोल में देखने की इच्छा जताई।

शक्ति शालिनी में कियारा!

एक सूत्र ने बताया, अनीत पड्डा पिछले दो महीनों से शक्ति शालिनी के लिए बातचीत कर रही थीं, क्योंकि दिनेश विजन अपनी दुनिया में नई ऊर्जा भरना चाहते थे। उन्हें सैयारा में अनीत का काम बहुत पसंद आया और उन्होंने हॉरर-कॉमेडी की दुनिया का अगला अध्याय उन पर बनाने का फैसला किया। इससे पहले, मुंबई स्थित मैडॉक फिल्म्स के ऑफिस में देखा गया था, जिसके बाद कियारा आडवाणी का नाम इस प्रोजेक्ट से जुड़ा था। हालांकि, अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

इसी बैनर की फिल्मों ने मचाया धमाल

मैडॉक हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की शुरुआत अमर कौशिक की स्त्री (2018) से हुई थी। बड़ी सफलता के बाद, वरुण धवन और कृति सेनन की भेड़िया (2022) आई, जिसने फ्रैंचाइजी को और आगे बढ़ाया। 2024 में, स्त्री 2 ने बॉक्स-ऑफिस के रिकॉर्ड तोड़ दिए, दुनिया भर में 857.15 करोड़ की कमाई की और भारतीय सिनेमा में एक बड़ी फ्रैंचाइजी बनकर उभरी। और भी कई फिल्में पहले से ही लाइन में हैं।

हर्षवर्धन राणे ने किया आमिर का समर्थन

बॉलीवुड में इन दिनों कलाकारों और उनकी टीम के खर्च को लेकर एक बड़ी बहस चल रही है। अब अभिनेता हर्षवर्धन राणे ने भी इस बहस पर अपनी बात रखी है। यह एक ऐसी चिंता है जिसे हाल के महीनों में कई फिल्म निर्माताओं और सितारों ने उठाया है। हाल ही में आमिर खान ने भी इस मुद्दे पर अपनी राय रखी थी। अब हर्षवर्धन राणे ने आमिर का समर्थन करते हुए इस मामले पर अपनी राय दी है। अभिनेता ने कहा कि वह निर्माताओं पर खर्च का बोझ डालने के बजाय खुद अपने कर्मचारियों के लिए भुगतान करेंगे।

हर्षवर्धन ने आमिर खान की उस टिप्पणी का समर्थन किया, जिसमें अभिनेता ने खुद्दारी का जिक्र करते हुए इस मुद्दे को उठाया था। हाल ही में आमिर ने सवाल करते हुए कहा था, 'इतनी खुद्दारी नहीं है? मुझे यह बेहद अजीब लगता है।' अब हर्षवर्धन राणे इसी मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। हर्षवर्धन ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में लिखा, 'खुद्दारी है सर। मैं अपने निर्माता को अपनी टीम के लिए भुगतान नहीं करने देने की प्रतिज्ञा करता हूं। हिंदी और दक्षिण इंडस्ट्री के दिग्गजों से प्रेरित होकर, जो टीम की ऊंची लागतों की ओर इशारा करते रहे हैं, मैं निर्माताओं के साथ खड़ा रहूंगा।'

लुक को लेकर हुई ट्रोलिंग पर अनन्या का ट्रोलर्स को दिया जवाब

हाल ही में मालदीव से छुट्टियां मनाकर लौटीं अनन्या पांडे आर्यन खान की डेब्यू सीरीज 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' के प्रीमियर पर पहुंचीं। इस दौरान अनन्या की टैन बॉडी नजर आई। सफेद रंग के आउटफिट में अनन्या का फेस तो ग्लो कर रहा था, लेकिन उनकी बॉडी टैन नजर आ रही थी। इसी को लेकर सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस को ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। कई यूजर्स ने अनन्या के बॉडी टैन की आलोचना की और इसे नकली तक कह डाला। अब अनन्या ने बड़े ही सलीके से इन ट्रोलिंग पर जवाब दिया है।

'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' के प्रीमियर पर जब अनन्या सफेद रंग के स्टाइलिश आउटफिट में पैपराजी के सामने पोज देने पहुंचीं, तो कई लोगों ने उन्हें ट्रोल किया। उनकी टैन बॉडी को लेकर सोशल मीडिया पर यूजर्स ने तरह-तरह के कमेंट किए। कुछ ने इसे नकली टैन बताया, तो कुछ ने कहा कि जुहू बीच पर घूमने के एक दिन बाद यह हाल होता है। अब अनन्या ने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए इन ट्रोलिंग पर जवाब दिया है। अनन्या ने इसी इवेंट की एक क्लिप अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की। इसके साथ ही अनन्या ने कैप्शन में लिखा, 'मैं टैन की प्रशंसक हूं।

अनन्या ने इसके अलावा भी उस इवेंट के कुछ एक वीडियोज अपनी स्टोरी पर शेयर किए हैं। अनन्या के इस जवाब की कई प्रशंसक सराहना भी कर रहे हैं।

'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' में नजर आएंगी अनन्या

वर्कफ्रंट की बात करें तो अनन्या पांडे को आखिरी बार इसी साल रिलीज हुई फिल्म 'केसरी चैप्टर 2' में देखा गया था। इस फिल्म में उन्होंने वकील की भूमिका निभाई थी। अनन्या के आने वाले प्रोजेक्ट्स में फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' शामिल है। इस फिल्म में उनके साथ कार्तिक आर्यन प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म इस साल के आखिरी में 31 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है।



वरुण ने भी उठाया था मुद्दा

इस समय इंडस्ट्री में यह मुद्दा गर्माया हुआ है। आमिर के अलावा हाल ही में अभिनेता वरुण धवन ने भी इस पर अपनी राय रखी थी। वरुण ने कहा था कि इसका दोष पूरी तरह से अभिनेताओं पर नहीं मढ़ा जा सकता। अगर मैं सभी प्रोडक्शन हाउस को अपना समझने लगूं, तो सभी निर्माताओं को भी परिवार के सदस्यों की तरह व्यवहार करना होगा। ऐसा नहीं होता। हम अभिनेताओं को दोष देते रह सकते हैं। कहानियां और ब्लाइंड आइटम सामने आते हैं और हमें ट्रोल किया जाता है। सारा कीचड़ अभिनेताओं पर ही फेंका जाता है। हमें अच्छे निर्माता भी चाहिए। उन्हें सेट पर एक सहयोग करने वाला पारिवारिक माहौल बनाना चाहिए। अगर कोई अभिनेता अभी भी घमंडी है, तो उसके साथ काम न करें।



मुझे लगता था मैं इंडस्ट्री के लिए फिट नहीं हूं

करियर के शुरुआती दौर में ही दोस्ताना 2 और बेधड़क जैसी जोरशोर से लॉन्च हुईं अपनी फिल्मों के डिब्बाबंद होने का गम झेलने वाले एक्टर लक्ष्य ने आखिरकार फिल्म किल से बड़े पर्दे पर धमाकेदार एंट्री मारी। वहीं, अब वह साल की सबसे चर्चित वेब सीरीज बैड्स ऑफ बॉलीवुड में नजर आ रहे हैं। शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की इस डेब्यू डायरेक्टोरियल सीरीज में वह असल जिंदगी की ही तरह एक आउटसाइडर से स्टार बनने वाले युवा एक्टर की भूमिका में हैं। आउटसाइडर होने का एक खामियाजा और एक ताकत पूछने पर लक्ष्य बताते हैं, खामियाजा यही था कि मुझे लगता था कि शायद यह दुनिया मेरे से काफी परे है। शायद मैं इसे समझ नहीं पाऊंगा। ये भाषा नहीं बोल पाऊंगा, तो खुद को इस दुनिया के हिसाब से बदलने की कोशिश कर रहा था, ताकि इसका हिस्सा बन सकूं। वो भाषा बोलकर, वो कपड़े पहनकर या उन जगहों पर जाकर, जो यहां का कल्चर है, मैं उसमें फिट होने की कोशिश कर रहा था। लक्ष्य ने कहा, मुझे बाद में अहसास हुआ कि नहीं यार, यही तो मेरी ताकत है कि मैं दिल्ली से हूं। 12वीं पास हूं। मेरे पापा एक प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं, मम्मी बुटीक चलाती हैं। यही तो मेरी पहचान है, मैं उसे क्यों खो रहा हूं? तो जब मैंने उसे अपनाया तो वही मेरी ताकत बन गया। अब मैं अब सेट हूं और अपने साथ खुश हूं।

जिद थी कि टिके रहना है

अपनी शुरुआती दो बड़ी फिल्मों दोस्ताना 2 और बेधड़क के बंद हो जाने की निराशा को कैसे हैंडल किया? इस पर लक्ष्य ने कहा, एक जिद थी कि करना तो कुछ बड़ा ही था। पीछे जाने का कोई रास्ता ही नहीं था तो सोच यही थी कि टिके रहो, जो मेहनत कर रहे हो वो करते रहो, आज नहीं तो कल, कल नहीं तो परसों, एक दिन तुम्हारा वक्त आएगा ही, वो इंतजार की बात होती है। फिर, जितना समय लगता है ना चीजें होने में, वो आपको उतना ही लंबा चलने के लिए तैयार करती हैं। उसका फल उतना ही मीठा होता है।

एक जिद है कि अपने को साबित करना है

जैसे, बैड्स ऑफ बॉलीवुड के लिए हम सबने तीन साल इंतजार किया है। आर्यन (आर्यन खान) ने तो उससे भी ज्यादा इंतजार किया है। वह तो उससे पहले से लिख रहा है, तो यह शो हम सबकी सालों की मेहनत, जिद और गुस्से का नतीजा है। एक जिद है कि अपने को साबित करना है। हम सब वो गुस्सा और जिद पाल रहे थे। मेरा डायरेक्टर (आर्यन) अपना गुस्सा और जिद पाल रहा है। मैं कह सकता हूं कि पुराना जो सारा दुख और गुस्सा था, वो इस शो ने सब भर दिया।

बॉलीवुड में क्या होना चाहिए बदलाव?

बॉलीवुड में ऐसा क्या बदलाव किया जाए ताकि वह बैड्स के बजाय बेस्ट बन जाए? यह पूछने पर लक्ष्य का जवाब था, इंस्टाग्राम बंद कर दो, तो अपने आप अच्छी फिल्में बनने लगेंगी। अभी होता क्या है कि लोग दिख क्या रहा है, चल क्या रहा है, यह ज्यादा सोचते हैं। जबकि, इस दिख क्या रहा है की जगह अगर इस चीज पर फोकस किया जाए कि हम बना क्या रहे हैं, बनाना क्या चाहते हैं तो चीजें बहुत बदल जाएंगी।



एनर्जी से भर देती हैं शाहरुख सर की बातें

एक इंवेंट पर शाहरुख खान लक्ष्य को हीरो वाली एंट्री करना सिखाते दिखे। लक्ष्य की जिंदगी पर शाहरुख खान का क्या असर रहा है? इस पर लक्ष्य ने बताया, जब मेरी फिल्म किल का शूट चल रहा था, तो हर दिन ऐक्शन, मारकाट करते-करते 40-50 दिन के बाद मेरा शरीर टूट गया था। हिम्मत नहीं होती थी। मन करता था कि आज बोल दूं कि बीमार हूं, उस वक्त मैं शाहरुख सर के भाषण और उनके टेड टॉक सुनता था। वो सुनकर एक अलग ही एनर्जी आ जाती है। एक आग सी जल जाती है तो जिस दिन ऐसा लगता है कि मन अटपटा है, कुछ अच्छा नहीं लग रहा है तो उनकी स्पीच सुन लेता हूं। शो में अपने किरदार की तैयारी के लिए भी शाहरुख सर के बहुत सारे इंटरव्यू देखे थे, ताकि उनमें जो चार्म और मचिस्मो है वो लेकर आ पाऊं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in